राष्ट्रीय मुखधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, शुक्रवार
13.12.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 307
हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुखधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है जल जीवन मिशन : पीएम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जल जीवन मिशन, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए लिखा, "यह एक अच्छा परिदृश्य है कि किस प्रकार से जल जीवन मिशन महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में आगे बढ़ा रहा है। अपने घर में ही स्वच्छ जल की उपलब्धता होने से महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत की थी। इसका लक्ष्य 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी पहुंचाना था। इसकी शुरुआत के समय, केवल 3.23 करोड़ (17 प्रतिशत) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन थे। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, 6 अक्टूबर, 2024 तक, जल जीवन मिशन ने 11.95 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन सफलतापूर्वक प्रदान किए हैं, जिससे कुल कवरेज 15.19 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच गई है, जो भारत के सभी ग्रामीण घरों का 78.58 प्रतिशत है। मिशन ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल कर लिया है, जिसने ग्रामीण लोगों के जीवन को उनके घरों में पीने योग्य पानी तक विश्वसनीय पहुँच प्रदान करके गहरा प्रभाव डाला है।

### प्रधानमंत्री शुक्रवार को उत्तर प्रदेश का करेंगे दौरा, प्रयागराज को देंगे 6670 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का दौरा करेंगे। इस दौरान वे महाकुंभ-2025 के लिए विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे और 6670 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वे प्रयागराज जाएंगे और दोपहर करीब 12:15 बजे संगम नोज पर पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे प्रधानमंत्री अक्षय वट वृक्ष पर पूजा करेंगे और उसके बाद हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन और पूजा करेंगे। दोपहर करीब 1:30 बजे वे महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। इसके बाद दोपहर



करीब 2 बजे वे प्रयागराज में 6670 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसमें प्रयागराज में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी। स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री गंगा नदी की ओर जाने वाले छोटे नालों को रोकने, टैप करने, मोड़ने और उपचारित करने की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे, जिससे नदी में अनुपचारित पानी का शून्य निर्वहन सुनिश्चित होगा। वे पेयजल और बिजली से संबंधित विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री प्रमुख मंदिर गलियारों का उद्घाटन करेंगे, जिसमें भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा आदि शामिल होंगे। ये परियोजनाएं श्रद्धालुओं की पहुंच को आसान बनाएंगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री कुंभ सहायक चैटबॉट भी लॉन्च करेंगे जो महाकुंभ मेला 2025 में श्रद्धालुओं को कार्यक्रमों के बारे में मार्गदर्शन और अपडेट देने के लिए विवरण प्रदान करेगा।

## दिनदहाड़े चल रहा है अवैध बालू खनन, प्रशासनिक कार्रवाई का अभाव

**बोकारो** : अवैध बालू खनन का कारोबार जिले में दिनदहाड़े जारी है। बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गोमिया, पेटरवार, कसमार और जरीडीह प्रखंड की नदियों से बालू माफिया बेहिचक ट्रैक्टरों में बालू लोड कर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। प्रशासनिक सख्ती के बावजूद इस गैरकानूनी गतिविधि पर रोक लगाना अब तक संभव नहीं हो पाया है।

**दिनदहाड़े नदियों से बालू का उठाव-** सूत्रों के अनुसार, गोमिया प्रखंड के कोनार नदी, महुआटांड़ थाना क्षेत्र के कटेल नदी, चतरो चट्टी थाना क्षेत्र के केकाईया नदी, और पेटरवार प्रखंड की दामोदर एवं खाजो नदी जैसे इलाकों में अवैध बालू खनन चरम पर है। प्रतिदिन सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर नदी किनारे पहुँचते हैं और बालू उठाकर विभिन्न निर्माण कार्यों, खासकर सिक्स लेन और फोर लेन सड़कों के लिए ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है।

**पूर्व में हुई कार्रवाई, लेकिन अब फिर सक्रिय माफिया-** कुछ समय पहले पुलिस ने इन



अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान चलाया था। आधा दर्जन से अधिक बालू घाटों पर छापेमारी के दौरान कई बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए गए थे, जिससे माफियाओं में खौफ देखा गया। हालांकि, यह सख्ती ज्यादा दिनों तक बरकरार नहीं रही। अब स्थिति यह है कि माफिया बिना किसी डर के खुलेआम बालू खनन कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन माफियाओं और ट्रैक्टर चालकों को कानून या पुलिस का कोई भय नहीं है।

**प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल-**इस मामले ने प्रशासन और स्थानीय पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि जब इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर बालू ढो रहे हैं, तो यह पुलिस और प्रशासन की नजरों से कैसे बच रहा है? क्या यह माफिया तंत्र और प्रशासन के बीच साठगांठ का नतीजा है?

**स्थानीय लोगों में आक्रोश-** स्थानीय लोग अवैध बालू खनन से बेहद परेशान हैं। न केवल प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, बल्कि नदियों के पर्यावरणीय संतुलन पर भी गहरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो यह गतिविधि पर्यावरणीय और सामाजिक समस्याओं को और बढ़ा देगी।

**प्रशासनिक सख्ती की मांग-** बालू खनन माफियाओं के खिलाफ स्थानीय लोगों ने कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि बालू खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को नियमित निगरानी और कठोर कदम उठाने होंगे।

**क्या पुलिस जागेगी?-** इस पूरे मामले ने एक बार फिर पुलिस और प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल यह है कि क्या पुलिस इस अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई करेगी, या माफिया इसी तरह निर्भीक होकर नदियों का दोहन करते रहेंगे ।

## संक्षिप्त समाचार

### मेटा सर्वर आउटेजः दुनियाभर में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक रहे ठप




**नई दिल्ली।** बुधवार की रात मेटा के तीन बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स- व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक, अचानक ठप हो गए। इस आउटेज ने दुनियाभर के करोड़ों यूजर्स को प्रभावित किया। भारत में रात 11 बजे से यह समस्या शुरू हुई। व्हाट्सएप पर मैसेज भेजने और रिसीव करने में परेशानी हुई। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर फीड अपलोड करना मुश्किल हो गया। थ्रेड्स ऐप भी इस आउटेज से प्रभावित हुआ। यह स्थिति करीब दो घंटे तक बनी रही, जिससे यूजर्स को बड़ी असुविधा हुई।मेटा के सर्वर डाउन होने का कारण अब तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। कंपनी ने इसे एक तकनीकी खामी बताया है। मेटा ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि उनकी टीम समस्या को ठीक करने के लिए तेजी से काम कर रही है। बयान में यह भी कहा गया कि सर्विस को बहाल करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इस समस्या का सटीक कारण मेटा की ओर से अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। मेटा ने एक्स पर बयान जारी करते हुए अपने ग्लोबल आउटेज की पुष्टि की। कंपनी ने कहा कि यह एक तकनीकी खामी के कारण हुआ, जिससे यूजर्स को व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम एक्सेस करने में दिक्कत हुई।

### पति को सजा देने के लिए नहीं है गुजारा भत्ताः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी मामले के बीच एक मामले की सुनवाई में पत्नी को भरण पोषण के मसले पर कोर्ट ने कहा कि भरण-पोषण की रकम इतनी होनी चाहिए कि पति पर भार न पड़े, लेकिन पत्नी को भी ठीक से जीवन जीने की व्यवस्था हो। साथ ही कोर्ट ने कहा कि कोई ऐसा फिक्स नियम नहीं है जो ज्यों का त्यों लागू कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा है कि क्रूरता कानून का गलत फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि इस मामले में अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अधिकार क्षेत्र के अनुसार, दंपति का विवाह 'पूरी तरह से टूट चुका था', लेकिन पत्नी को स्थायी गुजारा भत्ता देने की जरूरत थी। कहा कि 'जैसा हमने किरण के मामले में कहा था, स्थायी भरण-पोषण की रकम ऐसी होनी चाहिए कि वह पति को सजा देने वाली नहीं हो, बल्कि पत्नी को एक अच्छा जीवनस्तर देने वाली हो। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि पत्नी को भरण-पोषण की रकम इतनी मिलनी चाहिए कि वह सम्मान के साथ जीवन जी सके, लेकिन यह रकम इतनी भी न हो कि पति को आर्थिक दिक्कत होने लगे। भरण-पोषण का उद्देश्य यह है कि पत्नी के 'जीवनस्तर' में गिरावट न आए और वह ठीक से अपनी जिंदगी जी सके। बता दें कि अतुल के सुसाइड नोट, जिसमें उसकी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा उत्पीड़न का जिक्र था, ने देश में दहेज कानूनों के दुरुपयोग पर भारी फोकस ला दिया है।

## भाजपा और कांग्रेस ने लोकसभा के सभी सांसदों को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को लोकसभा के सभी सांसदों को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी कियाहै। संविधान पर बहस के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-दो दिन निर्धारित हैं। लोकसभा में 13-14 दिसंबर को और राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा होगी। भाजपा की ओर से जारी तीन लाइन के व्हिप में कहा गया है, "शुक्रवार और शनिवार (13 और 14 दिसंबर 2024) को दोनों सदनों में कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर चर्चा होनी है। सभी सांसदों से अनुरोध है कि वे दोनों दिन सदन में उपस्थित रहें। उधर, कांग्रेस पार्टी ने भी अपने लोकसभा सदस्यों को 13 और 14 दिसंबर को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। उल्लेखनीय है कि शीतकालीन संसद का पहला सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसमें व्यवधानों के कारण दोनों सदनों को काफी पहले स्थगित कर दिया गया था। शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा।




## भारतीय संस्कृति अब अवहेलना और अपमान की शिकार नहीं रही : शेखावत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, जिनसे भारतीयों को सामाजिक-आर्थिक के साथ ही बौद्धिक लाभ भी मिल रहा है। भारतीय संस्कृति अब अवहेलना और अपमान की शिकार नहीं रही, देश के वातावरण में इस बदलाव को महसूस किया जा सकता है। इस क्रम में दुनिया का सबसे बड़ा युग युगीन संग्रहालय नई दिल्ली में बन रहा है। गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता में शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन, वैश्विक काशी संस्कृति पथ, पुरावशेषों का प्रत्यावर्तन, शास्त्रीय भारतीय भाषाओं की संख्या में वृद्धि, परी परियोजना, पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन और संविधान अपनाने के 75वें वर्ष का स्मरण दिवस आदि पहले अतुलनीय हैं। महाकुम्भ-2025 का आयोजन हमारी सांस्कृतिक समृद्धि को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाएगा। गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार का 10 साल से अधिक का कार्यकाल 'सबका साथ, सबका विकास' और 'विकास भी विरासत भी' के विजन को साकार करने की दृढ़ प्रतिबद्धता से प्रेरित है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुए हैं, जिससे भारतीयों को न केवल सामाजिक-आर्थिक बल्कि बौद्धिक रूप से भी लाभ हुआ है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश ने 2014 के बाद से अपनी नीतियों और आकांक्षाओं में गहरा परिवर्तन देखा है, जो विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के एक नए युग का प्रतीक है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है, जो एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। काशी में विश्वनाथ धाम भारत की सांस्कृतिक राजधानी का कद बढ़ा रहा है, जबकि सोमनाथ में विकास परियोजनाएं नए मानक स्थापित कर रही हैं। शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को 'विकसित भारत' निर्माण का अभिन्न हिस्सा बनाने की सशक्त तैयारी है। टूरिज्म में 76.17 मिलियन नौकरियां सृजित की गई हैं। पर्यटन दीदी और पर्यटन मित्र कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। विदेशी मुद्रा आय में वर्ष 2014 की तुलना में 42.53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28.07 बिलियन डॉलर की आय अनुमानित है। घरेलू पर्यटकों की संख्या में 95.64 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक में भारत की रैंकिंग 65 से 39 पर आ गई है। गंतव्य विकास के लिए 68,00 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं पूरी की गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्यों में 3,295.76 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। ई-पर्यटक वीजा सुविधा लाभकारी सिद्ध हो रही है।

### केजरीवाल का ऐलान, आप सरकार महिलाओं को देगी हर माह एक हजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आप सरकार महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देगी। इस योजना को महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को इस स्कीम का ऐलान किया। उन्होंने कहा योजना के लिए आज से ही रजिस्ट्रेशन शुरू किए जा रहे हैं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव के बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। इससे पहले केजरीवाल ने ऑटो चालकों के लिए भी घोषणाएं की हैं। इसके अनुसार ऑटो चालक की बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए दिए जाएंगे। होली-दीवाली पर वर्दी बनवाने के लिए ढाई-ढाई हजार रुपए देंगे। दस लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस, पांच लाख का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कराया जाएगा। ऑटो चालकों के बच्चों की कोचिंग के लिए पैसा दिया जाएगा। आप सरकार की यह पांच गारंटी क्या असर डालती है यह आगामी विधानसभा चुनावों में ही नजर आएगा।



### गिरिराज सिंह ने संसद परिसर में सोनिया और सोरेस का पोस्टर लहराया




**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र की शुरुआत से सदन में अडानी और जॉर्ज सोरोस समेत कई मुद्दों को लेकर हंगामे का दौर जारी है। इंडिया गठबंधन की तरफ से अडानी मुद्दे को हवा दी जा रही है। बुधवार को कांग्रेस सांसदों ने सत्ता पक्ष के नेताओं को तिरंगा और गुलाब देकर अपना प्रदर्शन किया था। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी अडानी की फोटो छपे बैग लेकर परिसर पहुंचे थे। अब बीजेपी ने सोरोस मुद्दे को लेकर संसद में प्रदर्शन शुरू किया है। बीजेपी सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद परिसर में सोनिया और सोरेस का पोस्टर लहराया है। वहीं, विपक्ष की तरफ से भी संसद परिसर में प्रोटेस्ट हो रहा है। विपक्षी सांसदों ने देश बिकने नहीं देंगे नारे के साथ संसद में विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी ने 9 दिसंबर को राहुल गांधी पर भारत को कथित तौर पर अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस जैसी अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया था।

## भारत शेख हसीना द्वारा की गई अंतरिम सरकार की आलोचना का समर्थन नहीं करता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत, बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना द्वारा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की आलोचना का समर्थन नहीं करता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति को ब्रीफ करते हुए कहा कि यह मुद्दा भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक छोटी सी चुभन है। रिपोर्ट के मुताबिक विदेश सचिव मिस्त्री ने कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध किसी एक राजनीतिक दल या सरकार तक सीमित नहीं हैं और भारत-बांग्लादेश के लोगों पर फोकस करता है। मिस्त्री ने बताया कि शेख हसीना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर टिप्पणी के लिए अपने प्राइवेट कम्यूनिकेशन डिवाइस का इस्तेमाल कर रही थीं और भारत सरकार उन्हें ऐसा करने में कोई मदद नहीं दे रही थी जिससे लगे कि वह भारत की जमीन से राजनीतिक गतिविधियां कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह किसी भी अन्य देश में हस्तक्षेप न करने की भारत की परंपरा का हिस्सा है। मिस्त्री की यह टिप्पणी इसलिए अहम है क्योंकि भारत में रह रहीं शेख हसीना वीडियो जारी कर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की आलोचना कर रही है जिसे लेकर बांग्लादेश ने आपत्ति जताई थी। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जसीम उद्दीन ने ढाका दौरे पर गए विदेश सचिव मिस्त्री से मुलाकात के बाद कहा था कि भारत सरकार को यह कहा गया है कि वह शेख हसीना को बताए कि बांग्लादेश की सरकार को उनका भारत में भाषण देना पसंद नहीं है। उनकी मौजूदगी से दोनों देशों के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### भारत और ग्रीस सैन्य संबंध मजबूत करेंगे आपसी सूचनाएं साझा करने पर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और ग्रीस सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए आपसी सूचनाओं को एक-दूसरे से साझा करने पर सहमत हुए हैं। ग्रीस की दो दिवसीय यात्रा पर गए भारतीय रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने ग्रीस के हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल दिमित्रियोस चौपिस से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के बीच आपसी हितों और द्विपक्षीय सुरक्षा चुनौतियों के क्षेत्रों में रणनीतिक रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत और ग्रीस के सैन्य खुफिया विभाग ने सहयोग बढ़ाने और खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। राणा ने अपने समकक्ष हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के अन्य निदेशकों के साथ भी बातचीत की और ग्रीस के साथ मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देते हुए सूचना साझा करने और साझा राष्ट्रीय हितों पर विचार-विमर्श किया।




## जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल बर्फ से ढंके

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के खूबसूरत पर्यटन स्थल बर्फ से ढके हैं, क्योंकि घाटी के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, इसमें बांदीपुरा, बारामुल्ला और गुरेज शामिल हैं। कश्मीर के बर्फ से ढके पहाड़ों ने पर्यटकों को ठंड के मौसम में खुश होने का मौका दिया है। प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में ताजा बर्फबारी हुई, जबकि घाटी के अन्य इलाकों में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। ऐसा जम्मू-कश्मीर में आए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है, इससे घाटी के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। पिछले महीने, लद्दाख में भी मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जिसने खूबसूरत पहाड़ों को सफेद चादर से ढक दिया। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई है, लेकिन मौसम में मैदानी इलाकों में अभी तक बर्फबारी नहीं



हुई है। सोनमर्ग में बर्फबारी ने पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है, क्योंकि लोग हिमालय के मौसम का आनंद लेने और खुद को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़ों और स्कार्फ में बर्फ से ढकी जमीन पर निकल पड़े हैं। इस बीच, आसमान में बादल छाए रहने के कारण श्रीनगर सहित पूरे कश्मीर में रात का तापमान बढ़ गया। हालाँकि, कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो पिछली रात के मौसम के सबसे कम माइनस 5.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

**दिल्ली से ज्यादा ठंडा एनसीआर, छप्पर पर जमी सफेद परत** : धीरे-धीरे सर्दी के तेवर दिखाने लगे हैं। एनसीआर के रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और नारनौल में दिल्ली से ज्यादा सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे सर्द सुबह रहा। पिछले साल की तुलना में दिसंबर पहले 12 दिन ज्यादा ठंडक रहे हैं। वहीं, नारनौल में 2.2 डिग्री सेल्सियस और महेंद्रगढ़ में 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। पिछले छह दिनों से न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

## सरकार ने मजबूत इच्छाशक्ति को प्रकट किया है : प्रदीप यादव



**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित किया गया है। सरकार के कमिटमेंट को दर्शाता है। सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं। सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है। सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है। प्रदीप यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे घटकर 24 पर चले गए। हमारे संकल्पों पर जनता ने मुहर लगायी है। जुमलों पर जनता ने विश्वास नहीं दिखाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दंगा-फसाद कराने का प्रयास किया गया। घुसपैठ को देखने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्री की है। ये घुसपैठ के नाम पर दंगा कराना चाहते हैं। प्रदीप यादव ने जाति जणगणना की वकालत की।

## विधायक शशि भूषण मेहता सदन के बाहर बालू के मुद्दे पर धरने पर बैठे




**रांची।** पांकी विधायक शशि भूषण मेहता बालू की कमी के कारण पीएम आवास और अबुआ आवास का निर्माण कार्य ठप होने के मुद्दे को लेकर गुरुवार को सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए बालू मुफ्त उपलब्ध कराये, जिससे कि पीएम आवास अबुआ आवास का निर्माण हो सके। उल्लेखनीय है कि सदन शुरू होने से पहले बाहर में विपक्षी विधायकों ने कहा कि वे बालू का मुद्दा सदन के अंदर उठायेंगे।

## अनुपूरक बजट में चुनावी वादों का जिक्र नहीं दिखा : पूर्णिमा दास



**रांची।** भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि चुनाव के दौरान जो लोगों से वादे किए गए थे, इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्णिमा दास साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार बनते ही चुनावी वादों से मुकर जाते हैं।

## स्टील फैक्ट्री में मजदूर की मौत



**गिरिडीह।** औद्योगिक क्षेत्र के गिरिडीह धनबाद रोड में स्वाति स्टील फैक्टरी में कन्वेयर बेल्ट में फंस कर एक मजदूर के बुरी तरह झुलसने से मौत हो गयी। घटना के बाद में फैक्टरी के लोगों के जरिये मृतक के शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और बोलेरो से शव को छोड़कर फरार हो गए। इस बाबत मृतक के पड़ोसी अनिल राम ने बताया कि मृतक रंजन राम स्वाति फैक्टरी में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। गुरुवार की सुबह उसके मौत की जानकारी मिली। इसके बाद वे सदर अस्पताल पहुंचे और शव को खोजने लगे। बाद में उन्हें पता चला कि फैक्टरी के लोग मृतक के शव को वाहन में ही छोड़कर फरार हो गए। वहीं, मजदूर मोर्चा के सचिव कन्हाई पांडेय और माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह के ज्यादातर फैक्टरियों में मजदूरों के सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए गए हैं । इस कारण आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है। फैक्टरी संचालक को चाहिए कि जो भी सरकारी मुआवजा है उसका न सिर्फ तुरंत भुगतान होना चाहिए। साथ ही मजदूरों के सुरक्षा को लेकर हर फैक्टरी में जांच होनी चाहिये । नगर थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## नये वर्ष से पहले सुरक्षा जांच तेज, एसएसपी ने किया निरीक्षण

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में नये वर्ष के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार देर रात शहर की सड़कों पर गश्त करते हुए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एंटी क्राइम चेकिंग में लगे पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने गुरुवार को बताया कि शहर में लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा कि नए साल पर लोग नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी। नशे में वाहन चलाने वालों को पकड़ा जाएगा, उनके वाहन जब्त किए जाएंगे और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मकसद लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

# विधानसभा : कल्पना सोरेन बोलीं- झारखंड को समर्पित है अबुआ सरकार



**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह अपनों की सरकार है। अबुआ सरकार झारखंड को समर्पित है। अभिभाषण में इच्छाशक्ति है, जो खुशहाली देने वाली है। उन्होंने कहा कि एक-एक शब्द को धरातल पर उतारेंगे। जनादेश महागठबंधन को मिला है। क्रांतिकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र की योजनाओं में राज्य के गरीब-गुरबों की चिंता नहीं है। किसानों का ऋण माफ किया गया है। झारखंड में झामुमो की अपनी पहचान रही है। ये राज्य झामुमो की उपज है। यह जनादेश आदिवासी-मूलवासियों ने दिया। विधानसभा सत्र के अंतिम दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जिला खनिज फाउंडेशन के वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखा। भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्रदेश में क्राइम काफी तेजी से बढ़ रहा है। झारखंड की बेटी, बहु और व्यापारी कैसे सुरक्षित रहे इस पर कोई नहीं बोल रहा है। भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू में 45 से 50 रुपये बोरा बालू मिल रहा है। बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। आजसू विधायक निर्मल महतो ने मांडू को अनुमंडल बनाने और ढ़ाढ़ी प्रखंड को रामगढ़ में शामिल करने की मांग की।

**हेमलाल मुर्मू की जबान फिसली, नीरा यादव मांफी मांगने की मांग पर अड़ी**-राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू की जबान फिसल गई।उनके मुहं से कुछ आपत्तिजनक शब्द निकले, जिस पर भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कड़ी आपत्ति जताई। नीरा यादव ने कहा कि सदन में 12 महिला सदस्य हैं। सभी स्वाभिमान के साथ जीना चाहते हैं। इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हेमलाल मुर्मू इस पर माफी मांगे। स्पीकर ने कहा कि कभी-कभी बोलते समय स्लीप ऑफ टंग हो जाता है। बाबूलाल ने कहा कि कोई भी सदस्य अपशब्द का प्रयोग न करें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा।

**झामुमो के मुख्य सचेतक बने मथुरा प्रसाद महतो**- झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो का मुख्य सचेतक बनाया गया है। गुरुवार को सदन में इसकी घोषणा की गई।

## बालू की कमी से राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बालू की कमी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को पोस्ट कर कहा है कि झारखंड में बालू की कमी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 444 बालू घाटों में से केवल 51 को स्वीकृति है और उनमें से भी केवल 24 से निकासी हो रही है। इस कारण राज्य में निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। उन्होंने लिखा कि बालू की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। महज 10 दिनों में एक ट्रॉली बालू की कीमत में 12,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है। पलामू सहित झारखंड के अन्य जिलों में बालू 25 से 40 रुपये प्रति बोरी बिक रही है। इस कमी ने न सिर्फ अपार्टमेंट निर्माण, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर भी असर डाला है। उन्होंने आगे लिखा कि अगर यह संकट जल्द हल नहीं हुआ, तो राज्य में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्य के लोगों को राहत मिले और निर्माण क्षेत्र फिर से पटरी पर लौट सके, इसके लिए जरूरी है कि बालू की कालाबाजारी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही बालू माफियाओं के खिलाफ ठोस और सख्त कदम उठाए जाएं।

## जयराम महतो ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना, कहा- 18-25 वर्ष की लड़कियों को आलसी बना रही सरकार



**रांची।** जेएलकेएम के डुमरी विधायक जयराम महतो ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में जो बजट की राशि निर्धारित की जाती है, वह खर्च नहीं हो पाती है। ऐसे में फिर अनुपूरक बजट का क्या मतलब है। जयराम महतो ने कहा कि पक्ष-विपक्ष ने बजट पर दिशाहीन मुद्दों पर चर्चा की। मैं ऐसी उम्मीद नहीं कर रहा था। डुमरी विधायक ने कहा कि सरकार 18 से 25 साल की उम्र की लड़कियों को 2500 रुपये प्रति माह देकर उन्हें आलसी बना रही है। यही राशि अगर सरकार उन्हें स्कॉलरशिप के रूप में देगी, तो उनका वास्तव में भला होगा। वे उन पैसों का इस्तेमाल सही रास्ते में करेंगी। इसके साथ ही जयराम ने कहा कि सदन में जितने भी माननीय हैं, उनके बच्चे कहां पढ़ते हैं इस बात की जांच होनी चाहिए। साथ ही इन्हें अपने टीए, डीए भत्ता और बस, ट्रेन एंव अन्य मिलने वाली सुविधाओं का भी त्याग करना चाहिए। इस दौरान जयराम महतो ने जेपीएससी-सीजीएल मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सीजीएल मुद्दे पर सांच को आंच कैसा। सीजीएल में जांच करवाने में क्या जाता है। छात्र गड़बड़ी का प्रमाण दे रहे हैं। बावजूद इसके आयोग इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहा है। जयराम ने आगे कहा कि छात्र के बीच पहाड़ आए, दरिया आए या कुछ भी आए, वो टकराएंगे और अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि बलिदानियों का सम्मान होना चाहिए। आंदोलनकारी परिवारों को पांच फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। उद्योगों को दी गई खाली जमीन को वापस लिया जाना चाहिए।

## जिला कल्याण विभाग द्वारा बेड़ो में 400 छात्रों-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ो:** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरूवार को जिला कल्याण विभाग द्वारा 13 स्कुलों के 400 छात्रों-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। वितरण कल्याण पदाधिकारी करमु कांडिल के देखरेख में प्रमुख विनीता कच्छप,प्रखंड विकास पदाधिकरी राहुल उरांव अंचलाधिकारी प्रताप मिंज कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव के द्वारा किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि सरकार विकास की गंगा बहा रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में सुविधा होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे, यही सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, जेई सदाम अन्सारी,देव राम, सुशांत मिश्रा बीआरसी कर्मी, स्कुल के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अज्ञात युवक की गोली मारकर हत्या



**धनबाद।** धनबाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछड़ी जाने वाले रास्ते में कंचन टॉकीज के समीप युवक का शव गुरुवार को बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद बरवाअड्डा थाना के प्रभार में चल रहे सब इंस्पेक्टर अजय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। बरवाअड्डा थाना प्रभारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक शव पाया गया है, लेकिन शव की शिनाख्त अबतक नहीं हो सकी है। आसपास के लोग शव को नहीं पहचान रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया गोली लगने से मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। मृत युवक की उम्र करीब 40 साल के आसपास है। उसके शरीर पर एक गोली लगने का निशान दिखाई दे रहा है। वहीं, पास से एक खोखा भी बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल पर जांच शुरू कर दी गई है। सभी थाना को भी घटना को लेकर सूचित कर दिया गया है। साथ ही शव की शिनाख्त के लिए कोशिश जारी है। वहीं, इस मामले को लेकर डीसीपी शंकर कामती ने कहा कि प्रथम दृष्टया गोली मारकर युवक की हत्या करने की बात सामने आई है। युवक का शव बरामद किया गया है। युवक को दो गोली लगी है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है।अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारी गई है। युवक की पहचान के लिए तमाम थाना की पुलिस को वायरलेस पर सूचना दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चा है कि पहले युवक का अपहरण किया गया है, उसके बाद गोली मारकर उसकी हत्या गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण : स्टीफन मरांडी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण है जो यहां की योजनाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। जिम्मेदारी बढ़ी है। झारखंड की अस्मिता की रक्षा का दायित्व भी है। राज्य के सर्वांगिण विकास की बात अभिभाषण में है। स्थानीय भाषा को स्वीकृत और शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही गई है। महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया है। मंईयां सम्मान योजना से आर्थिक मदद मिल रही है। अंबेडकर लाइब्रेरी की बात कही गई है। स्थानीय नीति बनाकर रोजगार देने की बात कही गई है। झारखंड ने खेल में पहचान बनाई है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की बात कही गई है। क्षेत्रीय भाषा को सुदृढ़ करने के साथ मदरसा बोर्ड बनाने की बनाने की बात कही गई है।

# प्रकृति की मनोरम वादियों के बीच आस्था का केंद्र है लापुंग का सांई मंदिर

- 35 एकड़ में फैले साईं मंदिर परिसर पहुंचते ही सैलानी अभिभूत हो उठते हैं
- रांची से महज 50 किमी दूर साईं मंदिर











राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजू कुमार सिंह

**बेड़ोः** मनोरम प्राकृतिक वादियों के बीच लापुंग प्रखंड का सरसा गांव स्थित साई मंदिर अपने आध्यात्मिक व अनूठी स्थापत्य कला के कारण सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। घने जंगलों के बीच 35 एकड़ में फैले साईं मंदिर परिसर पहुंचते ही सैलानी अभिभूत हो उठते हैं। सालों भर सैलानी यहा के शांत वातावरण व प्रकृति की रमणीक खूबसूरत नजारों का आनंद लेते हैं। रांची से महज 50 किमी दूर साईं मंदिर, बेड़ो होकर पहुंचा जा सकता है। इस साईं मंदिर का शिलान्यास 10 जून, 1993 को पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय ज्ञानरंजन ने किया था।

इस साईं मंदिर के लिए स्थानीय आदिवासियों ने 35 एकड़ जमीन दान में दी हैं।22 अप्रैल 1994 में यह मंदिर बनकर तैयार हुआ। इस मंदिर की बनावट सप्तकोणीय है, जिसमें 7 दरवाजे हैं। मंदिर की दीवारें कर्रा से मंगाए गए पत्थरों से बनी है।और लाल टाली खपड़े की छत बनाई गई है। साईं मंदिर में जयपुर से लाकर संगमरमर की साईं बाबा की मूर्ति के अलावा दत्तात्रेय तथा गणेश जी का चित्र लगा है। मंदिर के अंदर दो नगाड़े तथा ज्ञानरंजन का चित्र भी लगा है। महाराष्ट्र के शिरडी साईं बाबा की अखंड धुनी लाकर यज्ञशाला स्थापित की गई। जहां सालोंभर यहां भीड़ रहती है।मंदिर परिसर में आम,अमरूद व केला का बगान है। साथ ही 11 नीम के पेड़ लगे हुए हैं।

**गुरुवार है बाबा का दिन :** साईं बाबा एक ऐसे फकीर हैं जिन्हें हर धर्म के लोग बड़ी श्रद्धा से पूजते हैं। सभी जाति और धर्म इनके प्रति पूर्ण विश्वास रखते हैं। इनकी आराधना किसी भी विशेष मुहूर्त या वार को की जा सकती है।लेकिन गुरुवार को इनकी पूजा का विशेष महत्व माना गया है। गुरुवार गुरु का दिन माना जाता है। सभी धर्मों में गुरु का खास स्थान माना जाता है, गुरु ही हमें आदर्श जीवन जीने के सूत्र बताते हैं। साईं बाबा को गुरु मानने वाले सभी भक्त इस दिन बाबा के मंदिर जाते हैं। साईं मंदिर में प्रत्येक गुरुवार व रविवार को साईं भक्तों का ताता लगा रहता है। इस दिन साईं बाबा के भक्त विशेष पूजा करते हैं। इसके अलावा नए वर्ष के प्रथम रविवार व 14 जनवरी को सांई परिवार व साईं सेवा समिति रांची द्वारा भव्य पूजा व भंडारा का आयोजन किया जाता हैं जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं। साथ ही 23 व 24 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस मनाया जाता है।और हर महीने के पूर्णिमा को सत्यनारायण कथा की पूजा होती हैं। सांई मंदिर परिसर में वीआईपी गेस्ट हाउस भी है। प्रत्येक दिन मंदिर में विभीषण पांडे, पंचाक्षरी हिरेमत व जागेश्वर भगत पुजारी के नेतृत्व में प्रातः पाच बजे से काकड़ आरती, धूप आरती, मध्याह्न आरती, संध्या आरती सेज आरती समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित होते है। यहा आने वाले लोग अपने पूरे परिवार के साथ जंगल के किनारे वन भोज का भी आनंद लेते हैं। पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर परिसर में दो यात्री शेड बनाए गए हैं। सारे कार्यक्रम शिरडी सरसा साईं मंदिर ग्राम विकास केंद्र संचालित करता है। इसके संरक्षक पूर्व मंत्री देव कुमार धान व्यवस्थापक मनोज उराव अध्यक्ष संतोष चौरसिया सचिव सतेंद्र भगत कोषाध्यक्ष अमित लाल लेखपाल राजेंद्र राम, कार्यालय प्रभारी माली राम उरांव,सहयोगी नाथुराम भगत,चंद्रसागर भगत, रामपाल भगत,कृष्णा भगत, सुभाष उरांव,गार्ड अजय भगत,कृपा उरांव,लोकनाथ उरांव,राजधन शेखर सिंह,पवन साहू, संतोष शर्मा,प्रसन्न कुमार, संतोष तिर्की,मनोज गुप्ता तथा अंजन अग्रवाल कार्यक्रम की निगरानी व पर्यटको का मार्गदशन करते है।

**रोजगार से जुड़ गए ग्रामीण : मेघराज**- ग्रामीण मेघराज कहते हैं कि साई धाम के विकसित होने से सरसा गांव के ग्रामीणों के जीवन में काफी सुधार आया है।यातायात सुगम हुआ बिजली आई है।ये दो बड़ी उपलब्धि हुई उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हुआ हैं।गांव को एक अलग पहचान मिल है हमारी कोशिश है कि मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

**गांव में ही मिल गया रोजगार : सुशांति व बुदेश्वरी देवी** –मंदिर के पास पूजा सामग्री की दुकान चलानेवाली महिलाओं का कहना है कि मंदिर के बन जाने से सरसा गांव बेहतर पर्यटन स्थल के तौर पर खुद को स्थापित कर रहा है।हर रोज काफी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।इससे कमाई अच्छी हो जाती है।

**कैसे पहुंचें साई धामः** रांची-गुमला मुख्य पथ पर स्थित बेड़ो प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है साई धाम है। यहां पहुंचने के लिए सबसे पहले बेड़ो पहुंचना होगा। बेड़ो से जामटोली जानेवाले रास्ते में 12 किलोमीटर जाने के बाद 3 किलोमीटर अंदर जाने के बाद सरसा गांव में प्रवेश करते ही मंदिर में जाने के लिए गेट बना हुआ है। यहां से बायें मुड़ कर सीधे साई मंदिर पहुंच सकते हैं। जहां साईं मंदिर का भव्य भगवान गणेश का द्वार बना हुआ है। रांची से बेड़ो की दूरी लगभग 35 किलोमीटर है और वहां से साई मंदिर की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024


# बोकारो सदर अस्पताल में बदइंतजामीः कर्मचारियों की मनमानी या सिविल सर्जन की उदासीनता?

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** बोकारो सदर अस्पताल की बदइंतजामी और मरीजों के प्रति लापरवाही का एक और मामला उजागर हुआ है। घने कोहरे और बढ़ती ठंड के बीच मरीजों को उनके बेड पर न तो चादर दी जा रही है और न ही ओढ़ने के लिए कंबल। अस्पताल में चादर और कंबल पर्याप्त होने के बावजूद, मरीज अपनी व्यवस्था पर निर्भर हैं। सवाल यह उठता है कि अगर संसाधन उपलब्ध हैं तो इन्हें मरीजों तक क्यों नहीं पहुंचाया जा रहा है?

**मरीजों की पीड़ा-** अस्पताल में भर्ती मरीजों का कहना है कि वे एक महीने से दाखिल हैं, लेकिन उन्हें आज तक कंबल नहीं दिया गया। बढ़ती ठंड में यह स्थिति मरीजों के लिए बेहद कष्टदायक है।






- कर्मचारियों की मनमानी या प्रबंधन की विफलता?
- सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने दावा किया है कि चादर और कंबल पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हर मरीज को तीन कंबल तक देने का निर्देश जारी किया गया है। उनका यह बयान यह सवाल खड़ा करता है कि मरीजों को कंबल क्यों नहीं मिल रहे?
- अगर निर्देश दिए गए हैं, तो उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा? क्या यह कर्मचारियों की मनमानी का नतीजा है, या प्रबंधन की कमजोरी का?
- सिविल सर्जन का कार्यालयः क्या जिम्मेदारी से अनजान?
- गौर करने वाली बात यह है कि सिविल सर्जन का कार्यालय उसी कैंपस में है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रबंधन की लापरवाही को अनदेखा कैसे किया जा सकता है? क्या सिविल सर्जन को यह पता नहीं है कि उनके निर्देशों का पालन नहीं हो रहा?
- अगर यह सच है कि मामला उनके संज्ञान में अब आया है, तो यह उनकी प्रबंधन क्षमता पर सवाल उठाता है। क्या वे मैनेजमेंट की कला भूल गए हैं, या फिर इस लापरवाही को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है?
- बहानेबाजी या सच्चाईः कैसे करें यकीन?

सिविल सर्जन ने मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। लेकिन यह सवाल बना रहता है कि इस स्थिति पर यकीन कैसे किया जाए? तथ्यों की जांच करते हुए अस्पताल के स्टॉक रजिस्टर और मरीजों के बयानों की तुलना करनी होगी। अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन इस स्थिति के सबसे सटीक गवाह हैं। स्थानीय जांच टीम की आवश्यकता दिख पड़ती है जहाँ स्वतंत्र रूप से गठित एक टीम इस स्थिति की वास्तविकता को उजागर कर सकती है।

**समस्या का समाधान जरूरी-** अगर यह लापरवाही कर्मचारियों की मनमानी के कारण है, तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। और अगर यह प्रबंधन की विफलता है, तो सिविल सर्जन को अपने प्रबंधन कौशल में सुधार करना होगा।

सवाल यह है कि जब सिविल सर्जन का कार्यालय इतनी करीब है, तो क्या यह लापरवाही उनकी आंखों के सामने नहीं हो रही? मरीजों के दर्द और ठंड में उनकी पीड़ा को नजरअंदाज करना न केवल अस्पताल प्रबंधन बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति हमारी जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़ा करता है।

## अनूप सिंह बने विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक, पार्टी ने जताया भरोसा



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** झारखंड में कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और संसदीय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिए नए नेताओं को महत्वपूर्ण भूमिकाएँ सौंपी हैं। पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव को कांग्रेस विधायक दल का नेता और खिजरी विधायक राजेश कच्छप को उपनेता के रूप में मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही, बेरमो के विधायक अनूप सिंह को विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के रूप में नामित किया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल द्वारा की गई इस घोषणा की जानकारी प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि इन नियुक्तियों की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से दी है।

**अनूप सिंह को मिली जिम्मेदारी पर बधाईयों की बौछार-** बेरमो विधायक अनूप सिंह को मुख्य सचेतक बनाए जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बधाई देते हुए कहा कि यह सभी नामित नेता संसदीय प्रणाली के अनुभवी व्यक्ति हैं। इनके अनुभव पार्टी और विधानसभा में कांग्रेस के कार्यों को सशक्त बनाने में मदद करेंगे।

**पार्टी नेताओं ने जताई खुशी-** तीनों नेताओं के मनोनयन पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। बधाई देने वालों में रवींद्र सिंह, प्रदीप तुलस्यान, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहु, गजेन्द्र सिंह, राजन वर्मा, जगदीश साहू, केके गिरी, आलोक कुमार दूबे, निरंजन पासवान और सलीम खान जैसे नेता शामिल हैं।

**अनूप सिंह पर बढ़ा पार्टी का भरोसा-** अनूप सिंह, जो अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और संसदीय अनुभव के लिए जाने जाते हैं, को इस महत्वपूर्ण भूमिका में लाया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि अनूप सिंह अपनी नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए कांग्रेस पार्टी को विधानसभा में मजबूती देंगे।

**कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार-** इन नियुक्तियों से झारखंड कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पार्टी नेताओं का मानना है कि प्रदीप यादव, राजेश कच्छप और अनूप सिंह जैसे नेताओं के अनुभव और प्रतिबद्धता से पार्टी राज्य में अपने प्रभाव को और मजबूत करेगी।

## बीएसएल के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को मिली समुचित प्रबंधन की जानकारी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** नए सफ़र की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन कर बोकारो स्टील प्लांट से दिसम्बर 2024 में सेवानिवत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी गुरुवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में दी गई।




कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन - अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुश्री दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग से दिवाकर शरण, कनीय प्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में बताया। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के ब्रांच हेड ज़ुल्फ़िक़ार आलम तथा उनकी टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। सुश्री फ़िज़्ज़ा परवीन, ओ.सी.टी.(मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ।

## बुलडोजर एक्शन के खिलाफ सेल के खिलाफ दाखिल होगी अवमानना याचिका

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** गुरुवार को सिटी सेंटर सेक्टर चार में सेल नगर प्रशासन विभाग बोकारो के बुलडोजर एक्शन के खिलाफ झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ ने दुकानदारों की बैठक कर आगे की रणनीति तय की। महासंघ द्वारा सेल की बुलडोजर कारवाई की कड़ी निंदा की गयी।



इस मौके पर उपस्थित महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने कहा कि सेल प्रबंधन की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुलडोजर कारवाई सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सरासर उलंघन है। उन्होंने कहा कि यह पथ विक्रेता अधिनियम 2014 का भी उल्लंघन है। अब सर्वोच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दर्ज कराकर सेल अधिकारियों को सजा दिलवाई जाएगी।

महासंघ के अध्यक्ष गोविंद जायसवाल ने कहा कि अब दुकानदार कानूनी लड़ाई लड़कर प्रबंधन को कड़ा जवाब देंगे।

इस मौके पर उपस्थित दुकानदारों में प्रीति कुमारी, दिलीप ठाकुर, श्रीराम गोराई, विरंची नारायण कुशवाहा, राजकुमार सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, मंटू कुमार, अजय कुमार, बालेश्वर महतो, अनवर, शुभम वर्णवाल, याक़ूब अली, सृष्टि कुमारी, लुकमान, अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, संगम कुमार, गोपाल ठाकुर, भोला गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## कसमार के बगियारी गाँव मे रैबीज की बीमारी से गुलाम अंसारी की मौत

### झामुमो नेता शेरे आलम की पहल पर 18 परिजनों को दी गयी एंटी रैबीज की सुई

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के बगियारी निवासी 55 वर्षीय गुलाम अंसारी की मौत 10 दिसंबर की रात रैबीज की बीमारी से होने की खबर से परिजनों एवं ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गुरुवार को कसमार सीएचसी में मृतक के 18 परिजनों को एंटी रैबीज की सुई दी गयी। मालूम हो कि



बगियारी निवासी गुलाम अंसारी को डेढ़ माह पूर्व एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। पागल कुत्ते के काटने के बाद उसने एंटी रैबीज की इंजेक्शन नहीं लगवाई। नतीजन उसकी तबियत धीरे धीरे बिगड़ने लगी। 10 दिसंबर की सुबह जब गुलाम की तबियत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिजनों ने इसकी सूचना झामुमो नेता शेरे आलम को दी। बगियारी के वार्ड सदस्य इरफान आलम उर्फ बबलू एवं गर्री के वार्ड सदस्य तनवीर आलम के सहयोग से झामुमो नेता शेरे आलम ने मरीज गुलाम अंसारी को रिम्स में भर्ती किया, लेकिन तब तक रैबीज की बीमारी इतनी फैल गयी थी कि मरीज गुलाम ने उसी रात रिम्स में दम तोड़ दिया। इधर जब रिम्स के चिकित्सकों ने बताया कि रैबीज से मृत मरीज के परिजनों व इनसे संपर्क में रहनेवाले अन्य लोगों को भी रैबीज बीमारी का खतरा हो सकता है। इससे परिजनों व गांव में दहशत का माहौल बन गया है। झामुमो नेता शेरे आलम ने जब परिजनों को लेकर एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने कसमार सीएचसी पहुंचे तो अस्पताल में उपस्थित डॉ फातमा ने इंजेक्शन देने से इनकार कर दिया। इस पर झामुमो नेता ने चिकित्सक की जमकर क्लास ली। उन्होंने बताया कि रांची के सिविल सर्जन से लेकर कसमार सीएचसी के चिकित्सकों ने रैबीज से मृत व्यक्ति के परिजनों को एंटी रैबीज की इंजेक्शन लगाने का निर्देश दिया है। इसके बाद जब झामुमो नेता शेरे आलम ने डॉक्टर को अस्पताल में आये मरीजों से व्यवहार सुधारने की हिदायत दी तो आखिर कसमार सीएचसी में मृत गुलाम अंसारी के संपर्क में आनेवाले 18 लोगों को एंटी रैबीज की सुई दी गयी। इनमें से उनके घरवाले, गांववाले व रिश्तेदार शामिल हैं। दो रिश्तेदार को शुक्रवार को इंजेक्शन दी जाएगी।

## बोकारो स्टील में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण का शुभारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल-4 में गुरुवार को दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) एस सरतपे तथा विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो उपस्थित रहे। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एस के डी भौमिक, कनीय प्रबंधक ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री सरतपे ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती टोप्पो ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## बोकारो में 14 दिसंबर को 10 केंद्रों पर 3949 अभ्यर्थी देंगे सीटीईटी की परीक्षा

### शांतिपूर्ण व कदाचार-मुक्त आयोजन की है पुख्ता तैयारी : सिटी को-आर्डिनेटर डॉ. गंगवार

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आगामी 14 दिसंबर, शनिवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए बोकारो जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न जगहों से आने वाले कुल 3949 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पेपर-1 एवं पेपर-2 के लिए यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पेपर-1 दोपहर 02:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक और पेपर-2 सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। यानी दोनों ही पेपर ढाई-ढाई घंटे के होंगे।

गुरुवार को इस आशय की जानकारी देते हुए सीटीईटी के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बताया कि परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पूर्ण कदाचारमुक्त व सफल आयोजन की पुख्ता तैयारियां की गई हैं। शुक्रवार को परीक्षा से एक दिन पूर्व 13 दिसंबर को डीपीएस बोकारो में सीटीईटी के लिए अधिकृत बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी केंद्राधीक्षकों व पर्यवेक्षकों की बैठक होगी। इस बैठक में परीक्षा के सफल संचालन की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी।



जिन 10 केंद्रों पर सीटीईटी की परीक्षा होनी है, उनमें पहली पाली में डीपीएस बोकारो सेक्टर-4 में 361, जबकि अन्य नौ केंद्रों - चिन्मय विद्यालय बोकारो, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर- 4, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6, जीजीपीएस सेक्टर-5, जीजीपीएस चास, होली क्रॉस स्कूल, रेलवे कॉलोनी बालीडीह, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल तथा श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, प्रत्येक में 300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं, दूसरी पाली में चिन्मय विद्यालय में 300, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 227 और डीपीएस बोकारो सेक्टर- 4 में 361 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

डॉ. गंगवार ने बताया कि सीटीईटी एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जो शिक्षण पेशे के लिए योग्य एवं कुशल उम्मीदवारों के चयन हेतु सीबीएसई की ओर से आयोजित की जाती है। इसमें पहला पेपर उन अभ्यर्थियों के लिए होता है, जो पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए आवेदन करते हैं, वहीं दूसरा पेपर उनके लिए होता है, जो कक्षा 6 से आठवीं तक में अध्यापन के लिए अप्लाई करते हैं। दोनों ही पेपर 150-150 अंकों के होते हैं। पेपर- 1 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र लैंग्वेज-1 व लैंग्वेज-2 तथा गणित एवं पर्यावरण अध्ययन विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे। जबकि, पेपर- 2 में बाल विकास एवं शिक्षा-शास्त्र भाषा- 1 व भाषा- 2 एवं विज्ञान तथा सोशल स्टडीज/सोशल साइंस विषयों के प्रश्न पूछे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जांच के दौरान सख्ती से सभी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया गया है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के अलावा अपना कोई भी फोटोयुक्त पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी नीले अथवा काले रंग की कलम का इस्तेमाल परीक्षा लिखने के लिए कर सकते हैं।

## ऑनलाइन रसीद नहीं रहने पर कसमार अंचल नहीं दे रहा है भू स्वामित्व प्रमाण पत्र



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** कसमार अंचल अन्तर्गत भारतमाला परियोजना फेज-2 वाराणसी से कोलकता तक एक्सप्रेसे वे 6 लेन तथा बरलंगा से कसमार भाया नेमरा चौड़ीकरण सड़क निर्माण को ले भूमि अधिग्रहण के एवज में ऑन लाइन रसीद नहीं होने पर कसमार अंचल द्वारा भू- स्वामित्व प्रमाण पत्र पर फारवर्ड नहीं करने की शिकायत कई मौजा के रैयतों ने किया है। रैयतों ने बताया कि ऑनलाइन रसीद नहीं रहने पर भू स्वामित्व प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने के कारण सड़क निर्माण में अधिग्रहित भूमि के एवज में मिलने वाली राशि ससमय नहीं मिल पाएगा। इतना ही नहीं खतियानी जमीन का भी ऑनलाइन रसीद नहीं है तो आगे काम नहीं होगा। इधर कसमार सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि रजिस्टर टू के खाते में प्लॉट पहले से ही बहुत का नहीं है वैसे में पहले का मैनुअल रसीद हो तो लाने से उसके आधार पर भू स्वामित्व प्रमाण पत्र रैयतों को दिया जा सकता है।

## फटी पाइप की मरम्मत के लिए पोकलेन से की गई खुदाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** गुरुवार को प्रकाशित खबर का असर बोकारो थर्मल में तत्काल देखा गया, जहां डीवीसी का सिविल विभाग गंभीरता पूर्वक हरकत में आया। गुरुवार को सिविल के प्रबंधक राहुल उरांव ने एसटीपी का कार्य करने वाली कंपनी भारत जी पटेल से पोकलेन की मांग की और उसे लेकर बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट में फटी पाइप को खोजने के लिए खुदाई आरंभ करवाई। लगभग बीस फीट की खुदाई के बाद छह इंच की पाइप नीचे तीन जगहों पर टूटी और फटी हुई थी। सिविल के अभियंता पवन कुमार और कल्याणी कुमारी की देखरेख में पोकलेन से खुदाई का कार्य करवाया गया। पाइप मिल जाने के बाद वाटर सप्लाई के मजदूरों और संवेदक ने पाइप को बदलने का कार्य आरंभ किया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शुक्रवार से पहले कॉलोनी में पानी की सप्लाई सुचारु रूप से आरंभ नहीं की जा सकेगी। उक्त पाइप की मरम्मत को लेकर मेन पाइप लाइन के वाटर सप्लाई को ही बंद कर दिया गया है, जिसके कारण सारा दिन कॉलोनी में पानी को लेकर कर्मचारी सहित अन्य लोग काफी परेशान दिखे। कुछ कॉलोनी में तो बुधवार की शाम से ही पानी की सप्लाई बंद कर दी गई थी। सिविल के प्रबंधक राहुल उरांव ने कहा कि पाइप की मरम्मत के बाद पानी की सप्लाई पूर्व की तरह आरंभ कर दी जाएगी। विदित हो कि विगत शनिवार को ही बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट होकर सिविल ऑफिस स्थित पानी टंकी में जाने वाली पाइप लाइन फट गई थी, जिसके कारण पांच दिनों से प्रतिदिन हजारों गैलन पानी की बर्बादी हो रही थी। पानी के अनवरत बहने का आलम यह था कि सब्जी मार्केट में फटी पाइप के स्थान पर तालाब सा बन गया था और नदी की शक्ल में पानी मार्केट से होकर सड़कों के रास्ते नालियों में बह रहा था।



**कटे केबल को जोड़ने के बाद सब्जी मार्केट की बिजली आपूर्ति आरंभ-** दूसरी ओर, खबर प्रकाशन के बाद डीवीसी का बिजली विभाग भी हरकत में गुरुवार को आया और सब्जी मार्केट को बिजली सप्लाई होने वाले कटे केबल को कॉलोनी सबस्टेशन के कामगारों द्वारा जोड़कर बिजली सप्लाई आरंभ कर दी गई। बिजली सप्लाई आरंभ हो जाने के बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली। सब्जी मार्केट की केबल कटने से पांच दिनों से मार्केट में बिजली नहीं थी।

## क्लैट-यूजी 2025 में डीपीएस बोकारो की आद्या समेत छह विद्यार्थियों ने मारी बाजी

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** देश के विधि विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के संघ (एनएलयू कंसोर्टियम) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2025 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने अच्छी सफलता पाई है। 12वीं की होनहार छात्रा आद्या मिश्रा समेत छह छात्र-छात्राओं ने क्लैट के अंडर ग्रैजुएट (यूजी) प्रोग्राम में नामांकन को लेकर हुई परीक्षा में बाजी मारी। आद्या ने आल इंडिया रैंक (एआईआर) 390 पाकर पूरे विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। उसे कुल 90.50 अंक प्राप्त हुए हैं। दूसरे स्थान पर छात्र प्रांजल रहा, जिसे अखिल भारतीय स्तर पर 978 वीं रैंक मिली है। इसके अलावा, विद्यालय की छात्रा अतुल्य त्रिश्री ने एआईआर 2551, अरफा ने ओबीसी रैंक 1509 (एआईआर 7700), त्रिशा ने ओबीसी रैंक 1987 (एआईआर 12709) तथा आयुष कुमार ने भी एआईआर 4350 के साथ सफलता अर्जित की है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



**जरूरतमंदों को सच्चा न्याय दिलाना है सपना : आद्या-** क्लैट-यूजी 2025 में एआईआर 390 पाने वाली डीपीएस बोकारो की मेधावी छात्रा आद्या मिश्रा की दिली ख्वाहिश आगे चलकर न्यायाधीश (जज) बनने की है। उसने 10वीं के बाद अपने परिजनों की प्रेरणा से विधि-क्षेत्र में आने की ठानी और अब क्लैट में सफलता के साथ इस दिशा में अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं। गुरुवार को एक बातचीत में आद्या ने कहा कि देश में आज अनगिनत लोग सही समय पर सही न्याय मिलने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों को सच्चा न्याय दिलाना उसका सपना रहा है। उसने कहा कि ईमानदारी के साथ अगर न्याय मिले, तो देश में वास्तव में एक बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। व्यवसायी अभिषेक मिश्रा एवं लेखिका श्वेता की सुपुत्री आद्या पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी काफी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांगों को बाटी गई ट्राई साइकिल



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया गया।

समहरणालय परिसर में उपायुक्त हेमंत सती के हाथों देर शाम समाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 13 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

बताया गया कि जिला में 300 से अधिक दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण का लक्ष्य है।

मौके पर सहायक निदेशक,जिला सामाजिक सुरक्षा अनिल कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक बुरी तरह घायल,सदर अस्पताल में चल रहा इलाज



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजमहल/साहिबगंजः** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकंडा के रहने वाले एक युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घायल युवक गोविंद कुमार साह उम्र 25 वर्षीय पिता शंकर साह सेलमपुर के रहने वाले ने बताया कि बुधवरिया में साढे पांच बजे शाम में मोटरसाइकिल से जा रहे थे, इसी दौरान अचानक बकरी मोटरसाइकिल के सामने आ गया बकरी को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जहां घायल युवक को पूरे शरीर में गंभीर चोट लगा। जहां घायल युवक के परिजनों ने रात्रि 9:30 बजे सदर अस्पताल साहिबगंज उपचार के लिए लाया गया,युवक का उपचार होने के बाद स्थिति ठीक है।

### राजमहल पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजमहल/साहिबगंजः** जिला पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज के निर्देशानुसार राजमहल थाना पुलिस ने थाना के सामने मुख्य सड़क पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों की जांच की गई। वाहन जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस,आरसी, हेलमेट सहित अन्य कागजात की जांच हुई। वाहन जांच अभियान में दर्जनों मोटरसाइकिल की जांच की मांग ।

थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार सघन वाहन जांच किया गया। थाना प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर ड्राइविंग करने को कहा तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को चिन्हित कर पुलिस द्वारा कार्रवाई करने की बात कही गई। आज कुल 40 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। वही जांच अभियान के दौरान वाहन चालकों के बीच भारी हड़कंप देखा गया।

### दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति हुआ घायल



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजमहल/साहिबगंजः** गुरुवार को राजमहल थाना क्षेत्र में हुई दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर दियारा पंचायत बैंगडुब्बी गांव में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी जमीन मामले को लेकर आपसी विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्ष आपस में जमीन के विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई ।जिसमें गांव के नबी हुसैन 42 वर्ष घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### कांग्रेस युवा पंचायत अध्यक्ष ने कोटालपोखर ग्रामीणों की समस्या को बीस सूत्री अध्यक्ष के समक्ष रखा



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज/कोटालपोखरः** बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर के आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष समीम मंसूरी ने बरहरवा बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास के समक्ष समस्याओं को पेश किया। जिसमे मुख्य रूप से पानी की समस्या को लेकर बात की और साथ ही पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को पानी से संबंधित समस्याओं को उजागर किया और जल्द मामले के समाधान की बात कही। वहीं मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन सहित अन्य और भी समस्याओं से अवगत करवाया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बातों पर गौर किया और जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया है।

### बेड़ो में डाक पार्सल ट्रक और ट्रैक्टर में भिड़ंत, कोई हताहत नहीं



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः संवाददाता बेड़ोः** बेड़ो थाना गेट के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर गुरुवार की अहले सुबह सोनालिका ट्रैक्टर और 409 डाक पार्सल ट्रक की जोरदार टक्कर में ट्रैक्टर का दाहिना हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे अहले सुबह सड़क सड़क पर हुई दुर्घटना को लेकर सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारे लग गई। जिसके बाद सड़क में खड़े क्षतिग्रस्त सोनालिका ट्रैक्टर को बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने हाइड्रा बुलाकर सड़क से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर को साइड कराया। इसके बाद सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो गया।

# जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंजः** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई।

जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 19 मामलों को रखा गया।

बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आठ आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन आठ आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के हाथों देने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है। उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया।

स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों के आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित बैठक संपन्न



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न संस्थानों में नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र सत्यापन मानवाधिकार, लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक की।

राष्ट्रीय मानव अधिकार से संबंधित प्राप्त मामला 44 बताई गई जिनमें कल निष्पादित मामले 33 एवं लंबित मामले 07 है। उपायुक्त ने तत्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया ।

लोकायुक्त से संबंधित प्राप्त मामला 55 बताए गए जिसमें कुल निष्पादित मामले 54 है, लंबित मामलों की संख्या 01 हैं, जिसमें संबंधित विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

चरित्र एवं पूर्ववृत हेतु प्राप्त मामले 459 बताए गए जिनमें कुल निष्पादित मामले 362 रही लंबित मामलों में 103 है जिनमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय साहिबगंज से जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा व अन्य उपस्थित थे।

## सगे चाचा ने की भतीजी पर धारदार वस्तु से वार



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बरहेट/साहिबगंजः** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत पेटखसा के 4 साल की बच्ची को धारदार हसवा से वार कर घायल कर दिया। वहीं घायल बच्ची के पिता जितेंद्र बागती से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी 4 साल की बेटी अनुष्का कुमारी को 4:00 बजे के करीब अपने ही चाचा शक्ति बागती ने धारदार सब्जी काटने वाला हसवा से गर्दन और कान के पास वार कर दिया और वह मूर्छित होकर लहू लुहान अवस्था में जमीन पर गिर कर बेहोश हो गई। घायल बच्ची की पिता ने बताया कि मेरे भाई शक्ति बागती पहले भी तीन से चार बार दिमागी संतुलन खोने के कारण से मेरी बेटी को मारा है।

इस घटना की सूचना परिजनों ने बरहेट थाना को दिया सूचना मिलते ही बरहेट थाना दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बच्ची को अपने कब्जे में लेते हुए प्राथमिक उपचार कराकर बेहतर इलाज के लिए बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार यादव ने साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां सदर अस्पताल साहिबगंज में ड्यूटी पर तैनात केशव कृष्णा इलाज में तुरंत लग गए अभी बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भोगनाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को पहुंचेंगे करोड़ों की परिसंपत्तियों का वितरण व कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास




राष्ट्रीय मुख्यधाराः अर्पित आनंद

**बरहेट/ साहिबगंज** : आगामी शनिवार को सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भोगनाडीह में करोड़ों की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास करेंगे । मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर भोगनाडीह में हेलीपैड मंच पंडाल के साथ-साथ अन्य आवश्यक तैयारियां जोरों पर चल रही है तैयारी व्यवस्था का जायजा लेने गुरुवार को साहिबगंज उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नु प्रसाद मिश्र पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल सदर एसडीओ साहिबगंज भोगनाडीह पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का भौतिक निरीक्षण किए इस दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड मुख्य मंच पंडाल के साथ-साथ लोगों के आवागमन पेयजल साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिए ।

इस मौके पर बरहेट बीडीओ अंशु कुमार पांडे , पुलिस निरीक्षक नुनु देव राय, थाना प्रभारी पवन कुमार मनरेगा बीपीओ प्रकाश सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

# बेड़ो पुलिस ने पीएलएफआई के नाम रंगदारी मांगने मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**राजू कुमार सिंह बेड़ोः-** विधानसभा चुनाव के दौरान पीएलएफआई के नाम पर बेड़ो में पोस्टर लगाकर चुनाव वहिष्कार की धमकी देने और बेड़ो के करीब 10 व्यवसायों से रंगदारी मांगने वाले दो अपराधियों को बेड़ो पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी नकुल साह ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व पीएलएफआई के नाम पर बेड़ो में पोस्टरबाजी कर चुनाव वहिष्कार की धमकी देने और बेड़ो के करीब 10 विभिन्न व्यवसायों से पीएलएफआई के नाम रंगदारी मांगने के मामले को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पीएलएफआई के अपराधियों के धर पकड़ को लेकर थाना प्रभारी नकुल साह के नेतृत्व में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी मामले के उद्भेदन को लेकर बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते पुलिस पदाधिकारियों व सशस्त्र बलों के साथ अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बेड़ो थाना क्षेत्र के हुंटार गांव निवासी सुमित उरांव उर्फ बारला उरांव व पलामू जिला के चैनपुर थाना के साहपुर गांव निवासी पंकज कुमार को धर दबोचा। वहीं पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों अपराधियों ने पुलिस के समक्ष बेड़ो में पोस्टर बाजीकर चुनाव वहिष्कार की धमकी देने और बेड़ो क्षेत्र के करीब 10 व्यवसायियों से रंगदारी मांगने के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। साथ ही पुलिस को इस संदर्भ में की अहम जानकारी भी दिया है।इधर बेड़ो पुलिस ने दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस कांड में संलिप्त शेष अपराधियों की धर पकड़ को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी नकुल साह,एसआई नंदू पैरा व एएसआई निरंजन तिवारी समेत सशस्त्र बल मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का निरीक्षण किया गया ।

उपायुक्त के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम भवन का पूर्ण जायजा लिया गया।

वहीं उपायुक्त ने उपभोक्ता संरक्षण फोरम में दायर मामले के विषय में जानकारी ली। बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण फोरम में लंबित 140 दायर मामले हैं वहीं उपायुक्त ने सभी मामलों को तत्वरित निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया।

मौके पर प्रिति कुमारी सदस्य, काजल कुमार दत्ता, कार्यालय सहायक एवं अन्य उपस्थित थे।

## अचानक घर में आग लगने से हजारों का नुकसान,कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**राजमहल/साहिबगंजः** गुरुवार को दोपहर राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 में अचानक आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया। इस घटना में दो कमरा सहित घर में रखें हजारों रूपए का सामान जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 निवासी आरिफ शेख के घर में गुरुवार की दोपहर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। आगलगी की खबर सुनते ही आसपास अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्नि पीड़ित परिवार ने बताया कि आग लगने के क्रम में दो रूम,एक किचन, जमीन केवला, घर के सभी मेंबर का कुल लगभग 6 भरी चांदी, लगभग 1 भरी सोना, एक गोदरेज, एक अलमीरा, एक पलंग, सभी बर्तन, घर के सभी परिवारिक मेंबरों का लगभग 25 से 30 हजार तक का कपड़ा, और अन्य सामान जलकर राख हो गया।

## जलजमाव की समस्या को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी व विधायक प्रतिनिधि ने लिया जायजा

### लोगों को जल्द समस्याओं से निजात दिलाने का दिया आश्वाशन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बरहरवा/साहिबगंजः** बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 के प्रोफेसर कॉलोनी में हो रहे जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार अपने पूरे टीम के साथ प्रोफेसर कॉलोनी पहुंचकर स्थल का जायजा लिया,तथा जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार को निर्देश दिया कि सड़क एवं नाली का मापी करके सही तरीके से प्राक्कलन तैयार करे,जिससे भविष्य में सड़क के ऊपर जल जमा ना हो तथा जल जमाव की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल सके। विधायक प्रतिनिधि बरकत खान व बरहरवा नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों को जल्द समस्या से निजात दिलाने का आश्वाशन भी दिया है।

मौके पर सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शहनवाज नासीर, प्रखण्ड महासचिव नิताय सरकार, सिटी मैनेजर देव जी,जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार, रवि उरांव, अंकित कुमार,अंकित जी, टैक्स दरोगा मुकेश कुमार,महमूद आलम, रणजीत टुडू,अमीन जी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रशर मालिक से मांगी 20 लाख की रंगदारी, प्राथमिकी दर्ज

**रांची, एजेंसी।** बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई है। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाने में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे हैं। कहा कि उनको मोबाइल पर कॉल कर धमकी देते हुए कहा कि वह देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी बोल रहा है। उसने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिए हो। उसने कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपए का इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा दूंगा। इस साल सितंबर में भी उन्हें धमकी भरा फोन आया था। जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था।

### हजारीबाग में पलटी बस, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल, रिम्स रेफर

**हजारीबाग, एजेंसी।** आनंद सोरेन(हजारीबाग) ~ हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चरही घाटी यूपी मोड़ में सड़क दुर्घटना में विक्रम बस (जेएच 09बीडी 2221) में सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए। जबकि 6 लोगो को गंभीर चोट लगी है, जिसमें 4 से 5 घायलों को रांची रिम्स रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर को अहले सुबह लगभग 5~30 बजे विक्रम बस बिहार के छपरा से रांची में शादी की पार्टी में जा रही थी। इस दौरान बस में करीब 60 यात्री सवार थे। उसी दौरान चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास बस का संतुलन बिगड़ गया और बस पलट गई। जिससे दर्जनों यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को शेख भिखारी कॉलेज और सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। वहीं ताजा जानकारी के मुताबिक लगभग सभी यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया था।

### पाकुड़ के शिव-शीतला मंदिर में आभूषणों की चोरी

**पाकुड़, एजेंसी।** जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक शिव–शीतला मंदिर में बदमाशों ने मां शाकम्बरी की मूर्ति पर चढ़ाए गए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ किया है। श्रद्धालु आज सुबह जब पूजा करने पहुंचे तो मंदिर में चोरी की जानकारी हुई। मंदिर के द्वार का ताला टूटा हुआ था और मूर्ति पर चढ़ाए गए चांदी के मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य आभूषण गायब थे। इसके बाद मामले की सूचना श्रद्धालुओं ने नगर थाना पुलिस ने दी। पुरोहित वृजभूषण मिश्रा ने कहा कि चोरी किए गए सामानों में सोने का टीका, नथिया, चांदी का प्लेट, चरण पादुका, आसन, मोर सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में फिलहाल पुलिस ने प्रवेश पर रोक लगा दी है और एफएसएल टीम की जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने पुष्टि की है कि कुछ आभूषण चोरी हुए हैं। हालांकि, अधिकतर जेवर कमेटी के पास सुरक्षित हैं।

### बीबीएमकेयू में तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनी

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बुधवार को यूजीसी के निर्देश पर तमिल महाकवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर कुलपति प्रो राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में 'विविधता में एकता एवं भारतीय भाषा उत्सव' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुब्रमण्यम भारती एवं बिनोद बिहारी महतो के स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। कुलपति प्रो रामकुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है। यहां विभिन्न जाति, धर्म, समुदाय और भाषाओं के लोग रहते हैं। यही भारत की असली खूबसूरती और विविधता में एकता की पहचान है। उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि उनकी रचनाओं में राष्ट्रवाद की भावना व्याप्त थी, जिससे भारतीय संस्कृति और भाषाओं को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में झारखंडी लोकगीत कुड़मालि का गायन पांडव महतो व आनंद महतो ने किया।

# झारखंड में फिर गिरेगा पारा ठंडी हवाओं से बढ़ेगी ठिठुरन



**रांची, एजेंसी।** झारखंड का पारा दिन-प्रतिदिन गिरता ही जा रहा था। जिससे ठंड बढ़ गयी है। ऊपर से ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दिया है। स्थिति ये है कि राज्य का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग की मानें तो 12 दिसंबर को 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। इस कारण कड़ाके की ठंड लगेगी।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने जो जानकारी साझा की है उसके मुताबिक कल के बाद अगले 4 दिन तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, गुरुवार को सुबह में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रह सकता है। इसके बाद में आसमान साफ हो जाएगा। दोपहर में हल्की धूप खिली रहेगी। शाम के समय हवा चलने की संभावना है।

वहीं, अगर हम बीते 24 घंटे की बात करें तो झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम का अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा में दर्ज किया गया, जहां का तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस था। जबकि रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री था, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है।ठंड बढ़ने के साथ ही लोग सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने की मांग करने लगे हैं।

रांची डीसी ने तो इसे लेकर निर्देश दे दिया है। वहीं, सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से निर्धन व असहाय के बीच गर्म कपड़े बांटे जाने किये जाने की कवायद भी शुरू हो गयी है। गौरतलब है कि ठंड से बचाव को लेकर सामाजिक संगठन के साथ-साथ राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला समिति, रेड क्रॉस सोसाइटी व नगर परिषद द्वारा हर वर्ष गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। जिससे गरीबों की रात ठीक से कटती है।

# लाइट हाउस में बुनियादी सुविधा नहीं मिलने से धरने पर लाभुक

**रांची, एजेंसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में धुर्वा पंचमुखी मंदिर के पास लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बेघरों के लिए 1008 आवासों का निर्माण किया गया है। इस लाइट हाउस का 10 मार्च 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया था। अब तक लगभग 150 परिवार लाइट हाउस में शिफ्ट कर चुके है। यहां के लाभुक बुनियादी सुविधाओं और कंस्ट्रक्शन क्वालिटी को लेकर लगातार शिकायत करते है।

इसी कड़ी में मंगलवार को 611 निवासी संजय रत्ना धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि जो उन्हें जो सपने दिखाए गए थे उसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा यहां लगी लिफ्ट सुचारू तौर से नहीं चलती है। वे बुजुर्ग व्यक्ति हैं, उनका फ्लैट पांचवे फ्लोर पर है, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्माण पर भी सवाल उठाते हुए खराब गुणवत्ता की बात कही।

**रांची नगर निगम की टीम पहुंची लाइट हाउस :** शिकायतों के निवारण को लेकर रांची नगर निगम की टीम मंगलवार की शाम लाइट हाउस पहुंची। उन्होंने संजय रत्ना को समझने का प्रयास किया। इस दौरान वहां के अन्य लाभुकों ने अपनी परेशानी बताई। जिसपर नगम की टीम ने बुधवार को दोबारा बात करने की बात कही। निगम के टीम में नगर प्रबंधक मृणाल कुमार ने कहा कि मामला रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) से जुड़ा है, जिसमें लिफ्ट, कॉमन बिजली के इस्तेमाल की है।

लाभुकों का कहना है कि ये सभी काम निगम करेगी, लेकिन ये सभी काम आरडब्लूए बनाकर इन कॉमन खर्चों पर काम होगी। नगर प्रबंधक ने बताया कि ये खर्चे लाभुकों को खुद वहन करने होंगे। उन्होंने बताया कि लिफ्ट नहीं चलने का कारण असमाजिक तत्व हैं, जो लिफ्ट को नुकसान पहुंचा देते है। वहीं उन्होंने कहा कि निगम जल्द आरडब्लूए का चुनाव करवाकर यहां सभी काम सुचारु ढंग से शुरू करवाएगी।

## कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा : एस सुरेश

**कोडरमा, एजेंसी।** जिले के जयनगर प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र फेज 2 का कार्य शुरू हो गया है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के जरिये स्वागत गीत के साथ किया गया। वहीं भूमि पूजन धीरेंद्र झा, उपेंद्र कुमार पांडेय के जरिये विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मुख्य पुजारी कनीय अभियंता श्याम सुंदर मोरिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना प्रधान सह मुख्य अभियंता मनोज कुमार ठाकुर , संचालन मानवी झा एवं सविता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।



मौके पर डीवीसी अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि आप सबों और डीवीसी प्रबंधन के प्रयास से यह कार्य सफल हुआ है। केटीपीएस का दूसरा फेज 2 गुना 800 मेगावाट 4 वर्षों में कार्य संपन्न किया जाएगा। केटीपीएस बहुत अच्छा से चल रहा है और आगे भी अच्छा से चलेगा। उन्होंने कहा कि कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा। मौके पर सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ कुलदीप कुमार, कृष्णकांत, अरुमय मुखर्जी, एसके घोष, संजय कुमार सिन्हा, एके दत्ता, एसके अर्जरिया, अमित कुमार, प्रवीण चांद, कुलदीप राम, सुरेश यादव, मनोज सिंह, अमित सिंह, मुन्ना मोदी, उमेश यादव सहित सैकड़ो के संख्या में लोग मौजूद थे।

# झारखंड के मजदूरों के लिए खुशखबरी, केंदु पत्ता के दाम में हुई बढ़ोतरी, अब इतनी मिलेगी कीमत

**दुमका, एजेंसी।** संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में वर्ष 2025 मौसम के लिए केंदु पत्ती का संग्रहण दर निर्धारण हेतु केन्दू पत्ती सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को हुई। वर्ष-2024 मौसम के लिए संताल परगना प्रमंडल क्षेत्र में हुई बैठक में केंदु पत्ती के संग्रहण दर निर्धारण हेतु राज्य सरकार को दिये गये परामर्श के बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गयी। गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा केंदु पत्ती संग्रहण दर रैयती और वन भूमि से 1750 रुपये प्रति मानक बोरा स्वीकृत किया गया था। बैठक में उपस्थित सदस्य फ्रांसिस हांसदा द्वारा संताल परगना से मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए पिछले साल के निर्धारित दर से बढ़ा कर 2000 रुपये तय करने का प्रस्ताव दिया गया। ऐसे में समिति ने वर्तमान में महंगाई दर में हुई वृद्धि और जनवरी 2025 में संभावित वृद्धि को आधार मानते हुए श्रमिकों के हित में 10 प्रतिशत वृद्धि करने पर सहमति जतायी और सर्वसम्मति से 1925 रुपये प्रति मानक बोरा दर निर्धारण हेतु प्रस्ताव पारित किया।



बैठक में आयुक्त लालचंद डाडेल के अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक दुमका, संयोजक-सह-सचिव के तौर पर लघु वन पदार्थ परियोजना अंचल-देवघर के महा प्रबंधक, आयुक्त के सचिव अमित कुमार, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल के संताल परगना प्रमंडल के प्रबंधक, केंदु पत्ता व्यापारी प्रति निधि लक्ष्मण प्रसाद भगत, बीड़ी निर्माता के प्रतिनिधि राम बाबू त्रि पाठी, केन्दू पत्ती उगाने वाले अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधि अनिल हांसदा और फ्रांसिस हांसदा, केंदु पत्ती उगाने वाले अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि शंकर रविदास, केन्दू पत्ती उगाने वाले पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार दत्ता, केन्दू पत्ती उगाने वाले सामान्य जाति के प्रतिनिधि अनिरुद्ध प्रसाद साह और गैर-सरकारी संगठन के प्रतिनिधि समीर कुमार रक्षित तथा आयुक्त कार्यालय के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सौरभ कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

एक मानक बोरा में 1000 पोला (कुल- 50000 पत्ता ) रहता है। एक अनुमान के मुताबिक प्रति दिन प्रत्येक प्राथमिक संग्रहणकर्त्ता चार घंटे की मजदूरी करके लगभग 250 (दो सौ पचास) पोला केंदू पत्ती का संग्रहण कर लेता है। प्रत्येक प्राथमिक संग्रहणकर्त्ता को चार घंटे काम करने पर लगभग 481।25 रुपये की मजदूरी प्राप्त हो जाती है, जो सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी से काफी अधिक है।

# हजारीबाग में व्यक्ति को बेरहमी से उतारा मौत के घाट, इलाके में मची सनसनी



### हजारीबाग में व्यक्ति को बेरहमी से उतारा मौत के घाट, इलाके में मची सनसनी

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिला अंतर्गत गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम जलहिया तुईयो वन क्षेत्र में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान ग्राम बंडासिंघा बिजली कुदर निवासी त्रिवेणी राणा 65 वर्ष पिता आतो राणा के रूप में हुई है। त्रिवेणी राणा कि हत्या उसके गले में गमछा से फांसी लगाने के बाद एक पेड़ में दोनों टांगों को फंसा खींचकर कर दिया गया है।

घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह खलिहान की ओर जा रहे लोगों की नजर पड़ने के बाद गांव में खबर आग की तरह फैल गई। मृतक के बेटे राजू राणा ने बताया कि उसके पिता बुधवार को कपका बाजार अपने कारपेंटर में उपयोग आने वाले औजार को धार करवाने गये हुए थे। रात को घर वापस नहीं लौटने पर उनकी काफी खोजबीन की गई पर पर कुछ पता नहीं चला। मृतक के शव से कुछ दूरी पर उनकी चप्पल, थैला और औजार पड़ा मिला है।

मामले की सूचना मिलने पर गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, राणा समाज के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राणा, पंसस प्रतिनिधि संजय कुमार साव घटनास्थल पहुंचे। मौके पर मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि तुईयो और बंडासिंघा मार्ग के बीच मैदान में प्रत्येक दिन दर्जनों नशेड़ी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। पूरे मैदान और इसके आस-पास के पेड़ों के नीचे शराब की बोतल, रैपर और अन्य आपत्तिजनक समान पड़ा मिलता है। जिसपर कई बार रोक लगाने की मांग मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने पुलिस प्रशासन से किया है।

थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को देखने से प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना को अंजाम देने वाले लोगों को बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है।

# डीसी ने रिम्स का किया औचक निरीक्षण



**रांची, एजेंसी।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा प्राप्त शिकायतों को लेकर बुधवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर (फाइनेंस) रिम्स योगेंद्र प्रसाद, डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट राजीव रंजन एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय उपस्थित थे। डीसी ने एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, ट्रॉमा सेंटर, इमरजेंसी, ब्लड बैंक, एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

डीसी ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों से बातचीत की। मरीजों को मिल रही चिकित्सकीय सुविधा एवं अन्य देखरेख के बारे में उन्होंने विस्तार से पूछा। ट्रॉमा सेंटर के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रदीप कुमार भट्टाचार्य को फोन पर निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कंट्रोल नंबर के माध्यम से दूर दराज के मरीजों के लिए उपलब्ध बेड की जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिये। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर त्राशा को डीसी ने जमशेदपुर और सदर अस्पताल से रेफर मरीजों को जल्द एडमिट करने के निर्देश दिए।

### साफ-सफाई और हाइजीन से किसी भी सूरत पर कंप्रोमाइज ना करें : डीसी

विभिन्न वार्डों और रिम्स परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायज़ा लेते हुए डीसी ने सुधार के निर्देश दिए। संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने साफ-सफाई और हाइजीन में किसी भी प्रकार से कंप्रोमाइज न करने को कहा। डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को हाउसकीपिंग एवं साफ सफाई के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### ब्लड बैंक का भी निरीक्षण

डीसी ने रिम्स अवस्थित ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। ब्लड बैंक में उपस्थित विभिन्न ग्रुप के ब्लड एवं जरूरतमंद मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराने की जानकारी ली। बैंक में उपलब्ध ब्लड की जानकारी के लिए प्रभारी दीप नारायण प्रसाद को सॉफ्टवेयर सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया। डीसी ने आम लोगों और सिविल सोसाइटी से अनुरोध किया कि वो बढ़-चढ़कर रक्तदान करें।

### रिम्स के सभी हेड ऑफ डिपार्टमेंट के साथ होगी बैठक

रिम्स में मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्था हेतु आने वाले 2-3 दिनों में डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी हेड ऑफ डिपार्टमेंट के साथ बैठक की जाएगी। डीसी ने कहा कि सभी डिपार्टमेंट के प्रमुख से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए रिम्स में बेहतर व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा।

# शहीद स्थल बिजनेस करने का स्थान नहीं है: जगदीश पाहन



**रांची, एजेंसी।** भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में 28 और 29 दिसंबर को होने वाले पौष मेला को लेकर पाहन महासंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। बुधवार को महासंघ ने मोरहाबादी स्थित डॉ रामदायल मुंडा पार्क में मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर पहानों ने कहा कि मेला का आयोजन हुआ तो उग्र आदोंलन किया जाएगा। राज्य भर के पाहन संघ समेत आदिवासी संगठन के लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा। क्योंकि यह स्थल देश के वीर शहीद बलिदानों की स्मृति स्थल है। जो राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है। इस स्थान पर भगवान बिरसा मुंडा और उनके अनुयायियों ने आजादी के लिए अपने प्राणों के आहुति दी थी।

कहा कि अब यह स्थल आदिवासियों के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बिंदु बन चुका है। शहीद स्थल को देखने हर हजारो लोग पहुंचते है। ऐसे में बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान पर जलसा या किसी प्रकार का रंगारंग कार्यक्रम करना उचित नहीं है। ऐसे स्थान का दुरूपयोग कर बिजनेस करने का जरिया बनाया जा रहा है। व्यापार करना शहीदों का अपमान करने के समान है। शहीद स्थल में जानबूझकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शहीदों के बलिदान स्थान पर मेला का आयोजन नहीं किया जा सकता है। इसे रोकने के लिए नगर निगम और उपायुक्त को लिखित रूप से आवेदन देने की बात कही गई। राष्ट्रीय पहान महासंघ के अध्यक्ष जगदीश पाहन और चंदन हलधर पाहन ने कहा कि आयोजन कर रहे संस्था से अपील किया है कि वह पौष मेला का आयोजन बिरसा मुंडा स्मृति स्थान के बजाय अन्य स्थान पर आयोजित किया जाए। क्योंकि यह ऐतिहासिक धरोहर है। यह स्थान मौज मस्ती की जगह नहीं है। लोग यहां वीर शहीदों से देश प्रेम की सद्भावना का प्रेरणा लेने आते हैं। उनके संघर्षो को याद करने आते हैं। पैसा कमाने के लिए शहीद स्थल का उपयोग किया जा रहा है। इसे बर्दास्त नही किया जाएगा। मौके पर पाहन संघ का अध्यक्ष चंदन पाहन, अशोक पाहन, अरविंद पाहन, विजय पाहन, किस्टो पाहन, निरज पाहन, राहुल पाहन व रंजन पाहन समेत अन्य मौजूद थे।

# आइआइटी आइएसएम को चालू वित्तीय वर्ष में 125 करोड़ रुपये की आय

**धनबाद, एजेंसी।** आइआइटी आइएसएम को चालू वित्तीय वर्ष में अबतक बाहरी स्रोतों से 125 करोड़ रुपये की आय हुई है। यह जानकारी आइआइटी आइएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा ने दी। प्रो मिश्रा अपने संबोधन के दौरान संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि संस्थापकों ने संस्थान को नये विचारों के टेस्टिंग ग्राउंड के रूप में विकसित किया है। संस्थान आज अपने करीब 100 साल की मजबूत बुनियाद पर खड़ा है। आज संस्थान टेक्नोलॉजी विकास और इनोवेशन का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने बताया कि टाटा स्टील संस्थान में 10 टाटा स्टील चेयर की शुरुआत करने जा रहा है। यह चेयर रॉ मैटेरियल और माइनिंग के शुरुआत में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये जायेंगे। साथ ही कोल इंडिया लिमिटेड संस्थान में माइनिंग सेंटर ऑफ एक्सलेंस की स्थापना कर रहा है। यह सेंटर माइनिंग 4।0 को बढ़ावा देगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सेल बर्नपुर और दुर्गापुर के निदेशक बीबी सिंह ने सबसे पहले अपने छात्र जीवन को याद किया।

उन्होंने बताया कि जब वह 1980 के दशक में आइआइटी आइएसएम के छात्र थे, तब यहां केवल पांच विभागों की पढ़ाई होती थी। आज संस्थान का विकास देखकर वह काफी प्रसन्न हैं। आइआइटी आइएसएम के छात्र देश ही विदेशों में भी अपनी सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने संस्थान के वर्तमान छात्रों को आह्वान करते हुए कि वह नौकरी के लिए अब दूसरे देश नहीं जाएं और देश के विकास में योगदान दें।

आज उनके देश में ही अपार संभावनाएं हैं। वहीं संस्थान के बीओजी के चेयरमैन प्रो। प्रेम व्रत ने अपने संबोधन में संस्थान के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।

आइआइटी आइएसएम के 99वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों के 17 शोधार्थियों को राज्यपाल ने सम्मानित किया।

जिन शोधार्थियों को सम्मानित किया गया उनमें केमिकल बॉयोलॉजी विभाग की अर्पिता रॉय (गाइड प्रो सागर पाल), अप्लाइड जियोलॉजी की अनिल कुमार गुप्ता (गाइड प्रो एमके मुखर्जी), अप्लाइड जियोफिजिक्स विभाग की सुष्मिता गोराई (गाइड प्रो एस साहु), मैथेमैटिक्स एंड कंप्यूटिंग से सोविक बनर्जी ( गाइड प्रो जीके विश्वकर्मा), फिजिक्स विभाग से नुसरत जबीन (गाइड प्रो एके निराला), केमिकल इंजीनियरिंग विभाग से सपन कुमार पंडित (गाइड प्रो आदित्य कुमार) व अन्य शामिल हैं। इनके साथ ही संस्थान में 25 वर्ष सेवा देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रो शालीवाहन, राकेश सोनी, राजेश मिश्रा और राजेश कुमार शामिल हैं।

# सक्षमता परीक्षा पास 8,000 शिक्षक अबतक नहीं बन पाए राज्यकर्मी

## विभाग की लापरवाही से जन्म तिथि और आधार अपडेट नहीं हुए, डीपीओ-डीईओ कर रहे देरी



**पटना, एजेंसी।** सक्षमता परीक्षा पास करने वाले 1.14 लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिल चुका है, लेकिन विभाग की लापरवाही की वजह से बिहार में 8 हजार ऐसे शिक्षक हैं, जिनको राज्यकर्मी का दर्जा नहीं अभी तक नहीं मिल पाया है। ये शिक्षक पटना, भोजपुर, अरवल, सारण, मधेपुरा, सुपौल, बेगूसराय सहित 22 जिलों में कार्यरत हैं। इनका आधार , नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम, मोबाइल नंबर जिला स्तर पर विभागीय लापरवाही के कारण अपडेट नहीं हुआ है। यह तब है जब शिक्षा विभाग की ओर से 10 हजार से अधिक शिक्षकों की गलतियों को अपडेट करने के लिए 29 अक्टूबर को ही जिलों को निर्देश दिया गया था। लेकिन मात्र 2 हजार शिक्षकों का मोबाइल नंबर, नाम, आधार नंबर ही अपडेट हुआ है। शेष आठ हजार शिक्षकों का मामला अटका हुआ है। शिक्षकों का रिकॉर्ड अपडेशन का ज्यादातर मामला जिला प्रोग्राम अफसर (डीपीओ) और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के स्तर पर फंसा हुआ है। चार हजार शिक्षकों का डीपीओ और दो हजार का डीईओ के यहां रुका है। सबसे अधिक लापरवाही रोहतास, औरंगाबाद, वैशाली, कटिहार, बांका, खगड़िया, दरभंगा, नालंदा, समस्तीपुर, शिवहर, पूर्वी चंपारण जिले में हुई है। इन जिलों में विभाग की ओर से सौंपी गई सूची में से 80 से 99 प्रतिशत शिक्षकों का सर्विस रिकॉर्ड अपडेट नहीं किया गया। इसीलिए नियुक्ति अटकी हुई है।

### कैसे नाम, मोबाइल नंबर गलत हुआ

नियोजित शिक्षक को राज्यकर्मी बनने के लिए सक्षमता परीक्षा पास करना जरुरी है। ऐसे में समक्षता परीक्षा के दौरान शिक्षकों ने सभी प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर सहित अन्य कागज जिला स्तर पर शिक्षा विभाग को दिए थे। इसका रिकार्ड कंप्यूटर में दर्ज करना था। इसी स्टेज पर कई शिक्षकों के नाम, जन्मतिथि, आधार कार्ड की संख्या, पिता का नाम, स्पेलिंग, उम्र आदि गलत दर्ज हो गए। काउंसिलिंग के दौरान जब रिकॉर्ड का मिलान शुरू हुआ तो गड़बड़ी पकड़ में आई। नतीजा हुआ कि जिन शिक्षकों के जमा किए गए प्रमाण पत्र और वास्तविक प्रमाण-पत्र में मिलान नहीं हुआ, उनकी काउंसिलिंग नहीं हो सकी।

**70 हजार शिक्षकों ने किया ट्रांसफर के लिए आवेदन :** जिन शिक्षकों को आधार, जन्मतिथि, प्रमाण पत्र में गलतियों की वजह से नियुक्ति पत्र नहीं मिला है वे भी ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। ट्रांसफर के लिए वाजिब कारण होना चाहिए। जिसमें पति-पत्नी के दिव्यांग, मानसिक रोगी, गंभीर बीमारी के साथ ही स्कूल की घर से दूरी कारण हैं। 11 दिनों में अभी तक 70 हजार शिक्षकों ने ही ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है। जानकारी के मुताबिक बिहार में लगभग 4 लाख नियोजित शिक्षक हैं। इसमें 2 लाख से अधिक शिक्षकों ने दो चरण में सक्षमता परीक्षा पास कर चुके हैं। ऐसे में नियोजित शिक्षकों को 3 मौका और दिया जाएगा। जिसके आधार पर वह सक्षमता परीक्षा पास कर सकेंगे।

### 22 जिलों के डीईओ को नोटिस जारी

बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेंद्र सिंह का कहना है कि शिक्षकों के आधार संख्या, नाम, जन्मतिथि को अपडेट करने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। ऐसे में समीक्षा के दौरान 22 जिलों के डीईओ को चेतावनी भी दी गई है। इसके बाद यदि शिक्षकों के रिकॉर्ड को अपडेट नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 साल से फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● किशनगंज में एसपी के निर्देश पर पोठिया थाना अध्यक्ष ने की कार्रवाई



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के पोठिया थाने की पुलिस ने 24 साल से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जानकारी के अनुसार पोठिया थाना क्षेत्र के कस्बा कलियागंज पंचायत अंतर्गत गौरीहाट गांव के कलाम पिता अमीर मोहम्मद उर्फ लंगड़ा को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। इधर किशनगंज पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देश पर पोठिया थाना अध्यक्ष निशाकांत कुमार ने बुधवार को एक विशेष टीम का गठन किया। थानाध्यक्ष निशाकांत कुमार ने कहा कि अभियुक्त 24 सालों से फरार चल रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज है।

### अकबरनगर में श्याम भक्तो ने गाजे बाजे के साथ निकाली निशान जुलूस

**भागलपुर, एजेंसी।** सुल्तानगंज के मारवाड़ी टोला से बुधवार को भागलपुर के पुरानी खाटू श्याम मंदिर के लिए श्याम भक्तों ने निशान जुलूस निकला। अकबरनगर के ग्रामीणों ने निशान में शामिल श्याम भक्तो का स्वागत किया। इस दौरान माहौल भक्तिमय हो गया था। दिनभर क्षेत्र में भक्ति गीत गूंजता रहा। इस दौरान एक-दो घंटे तक सड़कों पर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।

### नेहरा में बाइक के साथ शराब जब्त

**दरभंगा, एजेंसी।** नेहरा थाने की पुलिस ने छह लीटर देसी चुलाई शराब सहित एक बाइक जब्त की है। प्रभारी थानाध्यक्ष निलेश कुमार ने बताया कि जगदीशपुर से नेहरा रजवाड़ा आने वाली सड़क में एक बाइक सवार शराब तस्कर पुलिस की गाड़ी आते देख बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक की तलाशी ली तो तीन प्लास्टिक बोतल में देसी चुलाई शराब भरी थीा। इसकी कुल मात्रा छह लीटर है। शराब और बाक को जब्त कर अज्ञात चालक व अज्ञात वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कलेक्ट्रेट रोड में पत्नी ने पति को पीटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कलेक्ट्रेट रोड में बुधवार को एक महिला ने अपने पति को बीच सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। इससे मौके पर भीड़ जुट गई। इस दौरान दोनों पति-पत्नी के बीच काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पति का कहना था कि महिला अपने ब्वायफ्रेंड के साथ घूमती रहती है। इस कारण से उनके बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा है।

### अपराध नियंत्रण के लिए शहर में वाहन जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अपराध नियंत्रण को लेकर बुधवार की रात सिटी एसपी विक्रम सिहाग के नेतृत्व में पुलिस टीम शहर में सड़क पर उतरी। सभी प्रमुख चौक-चौराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नगर डीएसपी वन सीमा देवी व टू विनिता सिन्हा भी पूरी मुस्तैदी से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मौजूद रही। बाइक व स्कूटी सवार के पिट्ठू बैग, डिक्की की चेकिंग की गयी.



## नालंदा में शराब कारोबारी महिला गिरफ्तार, एक व्यक्ति फरार

**भारी मात्रा में शराब और नकदी बरामद, महिला पुलिस कर्मी को दांत काटा**

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब और नकदी बरामद की गई है। बरामदगी के दौरान महिला के घर से 200 मिलीलीटर की 130 पाउच देशी शराब और 4 लाख 96 हजार 722 रुपए नकद बरामद किया है। छापेमारी के दौरान महिला तस्कर पुलिस पदाधिकारी से उलझ गई। जिसमें मौका पाकर पुरुष शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। इसी बीच महिला ने एक महिला पुलिस पदाधिकारी को दांत काट ली। गिरफ्तार महिला धमेंद्र यादव की पत्नी सरोज देवी है। मामले की जानकारी देते हुए लहेरी पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि आलमगंज यादव टोला में कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार महिला ने पूछताछ में बताया कि वह काफी समय से अवैध शराब का कारोबार कर रही है। बरामद नकदी इसी कारोबार से कमाई गई है। महिला के बयान के आधार पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। छापेमारी टीम में निशा भारती,संतोष कुमार सिंह,चंदन कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही। बता दें कि पुलिस की इस कार्रवाई की लोगों ने सराहना की है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि पुलिस इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी और जिले में अपराधियों पर लगाम कसेगी।

## पुत्र शोक में मां ने फांसी का फंदा लगा की आत्महत्या

**भागलपुर, एजेंसी।** कहलगांव थाना क्षेत्र की श्यामपुर पंचायत के नया टोला गंगलदई में बुधवार को एक महिला ने पुत्र वियोग में पंखे से गले में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान गंगलदई निवासी कुनकुन मंडल उर्फ हरेराम मंडल की पत्नी लक्ष्मी देवी (26 वर्ष) के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची कहलगांव थाना के पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के भाई और मां पार्वती देवी मौके पर पहुंचे। मृतका की मां ने बताया कि सात साल लक्ष्मी की शादी हुई थी। शादी के एक वर्ष बाद ही उसने पुत्र को जन्म दिया। लेकिन एक वर्ष के अंदर ही। उसका पुत्र बीमारी के कारण मर गया। इसके बाद लक्ष्मी ने दूसरे पुत्र को जन्म दिया। लगभग तीन वर्ष के बाद काली पूजा के दौरान उसके दूसरे पुत्र की भी मौत हो गई। इसको लेकर लक्ष्मी गहरे सदमे में चली गई थी। मृतका लक्ष्मी देवी पंखे में रस्सी बांधकर फंदे से झूल गई। मृतका के पति कुनकुन मंडल उर्फ हरेराम मंडल घोघा स्थित ईंट भट्ठा में मजदूरी करता है। बुधवार की सुवह जब घटना की सूचना दिन के लगभग नौ बजे मिली तो वह भागता हुआ घर पहुंचा। अपनी पत्नी को पंखे से झूलता देख स्तब्ध रह गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अतुलेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की मां घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर निवासी पार्वती देवी ने लिखित आवेदन में कहा है कि उसकी बेटी लक्ष्मी देवी अपने पुत्र सुमन की मौत के कारण सदमे में थी। पुत्र वियोग में उसने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## महिला यात्री से 2 बदमाशों ने की चोरी:जमुई में एक को पीड़ित ने खदेड़ कर पकड़ा, पुलिस के हवाले किया

**जमुई, एजेंसी।** रांची से जमुई आ रही एक शिक्षिका से पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी संख्या स6 में बदमाश ने सोने के चैन और रुपए से भरा बैग ट्रॉली बैग की चोरी कर ली। भागने के दौरान महिला और उसके बेटे ने खदेड़ कर एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। शिक्षिका ने जमुई जीआरपी थानाध्यक्ष मनोज देव को बदमाश को सौंप दिया। बटाउन थाना अंतर्गत अभयपुर निवासी संजय कुमार की 49 वर्षीय पत्नी सीमा कुमारी उत्क्रमित विद्यालय अभयपुर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। ये अपने रिश्तेदार के यहां रांची गई थी। बुधवार को पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन से जमुई लौट रही थी। जैसे ही ट्रेन धनबाद पहुंचा, तभी पहले से मौजूद दो बदमाश उसके रुपए और सोने के चैन से भरा बैग को लेकर भाग रहा था, जिसे पकड़ लिया गया।

### झारखंड के रहने वाले है दोनों बदमाश

बदमाश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान झारखंड के धनबाद के कुमरडूबी निवासी राजकुमार के रूप में की गई है। एक अन्य बदमाश की पहचान धनबाद के ही अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। जीआरपी थाना अध्यक्ष मनोज देव ने बताया कि एक शिक्षिका जमुई की रहने वाली सीमा कुमारी है।

ये रांची से जमुई के लिए सफर कर रही थी। तभी कुछ बदमाश ट्रेन में ही उनका सोने का चैन ट्रॉली बैग मोबाइल सहित अन्य सामान चुरा लिया था। जिसे पीड़िता ने ही पकड़ कर उसे जीआरपी के हवाले किया है। गिरफ्तार बदमाश का मेडिकल जांच कराकर उसे धनबाद पुलिस के हवाले कर दिया गया।




जबकि, एक अन्य बदमाश अभिषेक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उन लोगों का ट्रेन पर चोरी करने का लंबा इतिहास रहा है।

## दस हजार का इनामी बदमाश अपने साथी के साथ अरेस्ट, हत्या के मामले में था फरार

**मोतिहारी में देसी कट्टा-कारतूस जब्त**



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने सहनी गैंग के मुख्य सरगना दस हजार के इनामी बदमाश शिव सहनी को उसके एक साथी के साथ अरेस्ट किया है। साथ ही एक किलो 20 ग्राम चरस, एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद किया है।

बता दें कि बदमाश हत्या मामले में फरार चल रहा था। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि केसरिया थाना क्षेत्र के केसरिया-मठिया रोड के पक्की सड़क में गुड्डू खान के चिमनी के समीप तिनमुहानी के पास कुछ अपराधी मादक पदार्थ व अवैध हथियार की खरीद-बिक्री करने के लिए इकट्ठा हुए है।

### लूट की बाइक जब्त

सूचना मिलते ही अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान एसडीपीओ ने सघन छापेमारी शुरू की। शिव सहनी और गोविंदा सहनी को गिरफ्तार किया गया, जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से मादक पदार्थ (चरस), देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद हुआ है।

### लूट के दौरान हत्या मामले में था फरार

बता दें कि शिव सहनी और गोविंदा सहनी डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में बैंक कर्मी से लूट के दौरान विरोध करने पर हत्या कांड के मामले में फरार था, जिस पर 10-10 हजार के इनामी की घोषणा की गई थी।

## भागलपुर में घर में घुसकर की लूटपाट:12 बदमाश लाखों रुपए के सामान ले गए

### पीड़ित के घर में एक साल पहले भी हुई थी वारदात

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के महाजन टोला में बुधवार दोपहर घर में दिनदहाड़े लूटपाट की घटना को कुछ दबंगों ने अंजाम दिया है। मामले को लेकर मकान मालिक बंटी खान ने बताया कि दोपहर लगभग 12:00 बजे आलोक चौधरी, कुमुद चौधरी और इनके 10-12 अज्ञात सहयोगियों ने हथियार के बल पर घर का दरवाजा तोड़ा। घर में रखे लाखों रुपए का सामान लूट लिया। घर के सामान को बिखेर दिया। इसकी सूचना सुलतानगंज थाना को दी गई।

### थाने से कोई सहयोग नहीं मिला

थाने से कोई भी सहयोग नहीं मिला है। हमने डायल-112 पर फोन कर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल-112 की टीम ने घटनास्थल की जांच की और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है। मकान मालिक बंटी ने कहा कि घटना को अंजाम देने का मुख्य कारण जमीन विवाद है। जिसको लेकर 1 साल



पहले भी हमारे घर में इस तरह से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसकी शिकायत हमने स्थानीय थाने में की थी, हालांकि अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। आज फिर से दबंगों ने मेरे घर में लूटपाट की है। उन लोगों का कहना है कि जमीन खाली कर दो वरना जान से मार देंगे। सिटी एसपी डॉ. के राम दास ने कहा कि थाना अध्यक्ष प्रिय रंजन से बात करते हैं। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। जो भी लोग शामिल हैं। सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सीयूईटी यूजी: छात्र अधिकतम 5 विषयों की दे सकेंगे परीक्षा, अवधि 60 मिनट



**12वीं में पढ़े गए विषयों की परवाह किए बिना किसी भी विषय में दे सकते हैं सीयूईटी यूजी**

**पटना, एजेंसी।** सीयूईटी यूजी 2025 परीक्षा में कई बदलाव किए गए हैं। अब छात्र अधिकतम पांच विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। सभी विषयों के लिए परीक्षाओं की अवधि 60 मिनट होगी। इसके साथ ही वैकल्पिक प्रश्नों को भी समाप्त कर दिया गया है। सीयूईटी-यूजी 63 के बजाय 37 विषयों में आयोजित की जाएगी। बता दें कि यूजीसी ने सीयूईटी-यूजी और पीजी के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की थी। समिति के सुझाव पर कई फैसले लिए गए हैं। प्रो कुमार ने कहा कि इस बार स्टूडेंट्स के कई परेशानियों को समाप्त कर दिया गया है। सीयूईटी देने वाले स्टूडेंट्स के लिए बेहतर, अधिक कुशल और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए परीक्षा प्रक्रिया में निरंतर सुधार किया जा रहा है।

### पिछले तीन वर्षों के अनुभवों का किया गया विश्लेषण

टाइम पटना के डायरेक्टर और एक्सपर्ट सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षों के अनुभवों का भी विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर स्टूडेंट्स जिन पेपरों को सबसे कम अटेंप्ट करते हैं उनको हटाया गया है। इससे छात्रों को काफी फायदा मिलेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहती है कि छात्रों को किसी एक डिसिप्लिन की बाउंड्री में नहीं बांधा जाना चाहिए। यूनिवर्सिटीज को अपने नियमों में जरूरी बदलाव करना होगा। परीक्षार्थियों ने अपने बोर्ड में जो पढ़ा है, उसके अनुसार उन्हें प्रश्नों का चयन करने की सुविधा हटा लेने से वे कुछ प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सकेंगे जो उनके ओवरऑल अंकों पर असर डालेंगे। इसमें नॉर्मलाइजेशन की क्या भूमिका होगी यह भी जानना महत्वपूर्ण होगा। सीयूईटी यूजी के क्वेश्चन पेपर में मिलने वाली चॉइस को खत्म किया गया है, यानी अब सभी स्टूडेंट्स के लिए एक जैसा प्रश्नपत्र ही होगा। सभी सवाल अनिवार्य होंगे। पेपरों की टाइमिंग एक जैसी होगी। 2024 में 283 यूनिवर्सिटी ने सीयूईटी यूजी को अपनाया था। इस बार यह संख्या 300 से ज्यादा होगी। इस बार जो 23 सब्जेक्ट रखे गए हैं, उनमें- अकाउंट बुक कीपिंग, बिजनेस स्टडीज, एग्रीकल्चर, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स अप्लाइड मैथमेटिक्स, बायोलोजी-बायोलोजिकल साइंस-बायोकेमिस्ट्री-बायोटेक्नॉलजी, परफॉर्मिंग आर्ट्स (डांस, ड्रामा, म्यूजिक), फाइन आर्ट-विजुअल आर्ट- कॉमर्शियल आर्ट, ज्योग्राफी- जियोलोजी, हिस्ट्री, होम साइंस, मास मीडिया- मास कम्यूनिकेशन, पॉलिटिकल साइंस, साइकॉलजी, सोशियॉलजी, संस्कृत, एन्वायरमेंटल साइंस, नॉलेज ट्रेडिशन- प्रैक्टिस इन इंडिया, फिजिकल एजुकेशन (योगा- स्पोर्ट्स), एंथ्रोपोलोजी, इकनॉमिक्स- बिजनेस इकनॉमिक्स, कंप्यूटर साइंस-इंफर्मेटिक्स प्रैक्टिस शामिल हैं। 13 लैंग्वेज में असमिया, बंगाली, इंग्लिश, गुजराती, हिंदी, कन्नड, मलयालम, मराठी, पंजाबी, ओडिया, तमिल, तेलुगु और उर्दू में लैंग्वेज के पेपर होंगे। बाकी जो 20 लैंग्वेज के पेपर (विदेशी भाषाओं सहित) हटाए गए हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद में हत्या

## रात में घर आया था युवक, सुबह तीन बच्चों की मां बिस्तर पर मृत मिली

**मुरादाबाद , एजेंसी।** कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी में भूरी नाम की महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। महिला का शव जमीन पर लगे बिस्तर पर पड़ा मिला है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ताल की। महिला की बेटियों ने पुलिस को बताया कि रात में असलम नाम का युवक घर आया था। उसने ही हत्या की और फरार हो गया। बलदेवपुरी निवासी रामकिशोर मकान निर्माण में मजदूरी करता है। बुधवार रात राम किशोर बाहर गया था। घर में उसकी पत्नी भूरी और तीन बेटियां मौजूद थीं। बेटियों ने बताया कि रात में उनके घर असलम आया था। बेटियां सुबह जागी तो उन्होंने अपनी मां का शव पड़ा देखा। सूचना पति भी घर आ गया और पुलिस को बताया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## आगरा-दिल्ली हाईवे की दो लेन होंगी बंद...रूट का सर्वे हुआ पूरा, बदलेगी यातायात व्यवस्था

**आगरा , एजेंसी।** आगरा मेट्रो के एलिवेटेड ट्रैक के लिए जनवरी से हाईवे पर बैरिकेडिंग शुरू हो जाएगी। इसमें दो लेन बंद करनी पड़ेंगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम हाईवे पर आठ मीटर चौड़ाई में बैरिकेडिंग करेगी। बाकी की चार लेन पर यातायात गुजरेगा।



उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने बताया कि पहले कॉरिडोर के अंतिम तीन स्टेशन आईएसबीटी, गुरु का ताल और सिकंदरा एलिवेटेड हैं। इनमें आईएसबीटी सर्विस रोड पर बन रहा है। यहां से ट्रैक हाईवे के बीच में आ जाएगा जो सिकंदरा तक पहुंचेगा। इसके लिए हाईवे की छह लेन में से दो लेन बंद कर दी जाएंगी। डिवाइडर के दोनों ओर चार– चार मीटर सड़क को घेरकर बैरिकेडिंग करेंगे। यातायात व्यवस्था के लिए गार्ड और पुलिस भी सक्रिय रहेगी। आईएसबीटी पर पिलर बनाने का कार्य चल रहा है। जनवरी में दूसरे स्टेशन का कार्य शुरू होगा। इसके लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पुलिस–प्रशासन, यूपीएमआरसी के अधिकारियों ने सर्वे भी कर लिया है। जनवरी से हाईवे के मध्य बैरिकेडिंग शुरू होगा। पहले कॉरिडोर में ताज पूर्वी से मन :कामेश्वर मंदिर स्टेशन तक मेट्रो का संचालन हो रहा है। आरबीएस और राजामंडी भूमिगत स्टेशन का निर्माण पूरा हो चुका है। राजामंडी से आगरा कॉलेज, आगरा कॉलेज से एसएन मेडिकल कॉलेज और एसएन मेडिकल कॉलेज से मन :कामेश्वर स्टेशन तक खुदाई हो रही है।

## विशुनपुरा बीडीओ बने पीडीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष

**मंसाछापर।** विकास भवन सभागार में बुधवार को प्रादेशिक विकास सेवा संगठन की बैठक हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों को चुना गया। विशुनपुरा ब्लॉक के बीडीओ सुशील कुमार सिंह को संगठन का अध्यक्ष, उषा पाल को उपाध्यक्ष, रामराज कुशवाहा को महामंत्री, रवि रंजन को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने संगठन हित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# ठिठुरने के लिए हो जाएं तैयार...

- **25 से ज्यादा जिलों में शीतलहर का अलर्ट**



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में ठिठुरन भरी ठंड दस्तक दे चुकी है। यूपी के ज्यादातर इलाकों में बुधवार को दिन में भी सर्द हवाएं चलीं। इस साल अक्तूबर के बाद ऐसा पहली बार है जब बुधवार को पश्चिमी जिलों समेत प्रदेश के अधिकतर इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया। बृहस्पतिवार के लिए मौसम विभाग ने 25 से ज्यादा जिलों में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं तराई में कोहरे का अलर्ट है। यूपी में शीतलहर के अगले पांच दिन तक चलने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले पांच दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम पारे में पांच डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के प्रभाव व पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी और पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से मौसम में बदलाव आया है। अगले कुछ दिनों में तापमान में अभी और गिरावट के आसार हैं।

सर्द हवाओं के बीच बुधवार को उरई में सर्वाधिक 29 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। वहीं वाराणसी में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और प्रयागराज में 25.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। न्यूनतम तापमान की बात करें अयोध्या में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बुलंदशहर में 5 डिग्री और बरेली में 5.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

राजधानी में ठंड दस्तक दे चुकी है। यहां बुधवार को दिन में भी गुनगुनी धूप के सर्द हवाएं चलीं। देर शाम तक गलन भरी हवा के असर से लोग ठिठुरते नजर आए। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल अक्तूबर के बाद ऐसा पहली बार है जब बुधवार को लखनऊ में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री नीचे चला गया। शीतलहर के अगले पांच दिन तक चलने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के प्रभाव व पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी और पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से मौसम में बदलाव आया है।

अगले कुछ दिनों में तापमान में अभी और गिरावट के आसार हैं। पिछले एक हफ्ते में लखनऊ के न्यूनतम पारे में पांच से छह डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली है। बीते बृहस्पतिवार को लखनऊ में न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री दर्ज किया गया था।

बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की गिरावट के साथ 24.1 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री की गिरावट के साथ 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बेहतर हुई शहर की हवा

मौसम में सर्दी की शुरुआत के बीच लखनऊ में बुधवार को छह वायु प्रदूषण मापक स्टेशनों में से सिर्फ अलीगंज की हवा नारंगी यानी खराब गुणवत्ता की रही। गोमतीनगर, तालकटोरा, लालबाग और बीबीएयू की हवा पीली श्रेणी यानी मध्यम गुणवत्ता की रही। वहीं कुकरैल की हवा हरे श्रेणी यानी अच्छे गुणवत्ता की रही।

## मंत्री नंदी पर हमले का मामला: पूर्व विधायक विजय मिश्र का बयान दर्ज, बोले-राजनैतिक प्रतिद्वंदिता में फंसाया गया

**प्रयागराज, एजेंसी।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के ऊपर हुए प्राण घातक हमले के मामले में आरोपी बनाए गए ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्र का बयान दर्ज किया गया। आगरा जेल से पेशी के लिए इलाहाबाद जिला अदालत लाए गए विजय मिश्र ने सवालों के जवाब दिए। एमपीएमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक से 142 सवाल पूछे गए जिसमें अधिकांश प्रश्नों का जवाब उन्होंने दिया। विजय मिश्र ने अपने बयान में कहा कि उन्हें राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते फंसाया गया है। मंत्री नंदी के ऊपर हुए हमले में उनकी कोई भूमिका नहीं है। वह अपने गवाही के समर्थन में गवाह और सबूत पेश करेंगे। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता पर हमले के मामले में बुधवार को विशेष न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्रा हाजिर हुए। एमपी एमएलए की विशेष न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ल के समक्ष मामले की सुनवाई चल रही है।

### यह है पूरा मामला

बता दें कि 12 जुलाई 2010 को कोतवाली थाना क्षेत्र में नंदी की हत्या करने की कोशिश की गई थी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना में सुरक्षा गार्ड राकेश मालवीय, संजय सिंह, अनुज पांडेय, प्रीतम सिंह, श्याम बाबू व नंदी से मिलने आए पत्रकार विजय प्रताप सिंह आदि घायल हो गए थे। इलाज के दौरान विजय प्रताप सिंह एवं राकेश मालवीय की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में भदोही के पूर्व विधायक विजय मिश्रा, चाका ब्लॉक के प्रमुख रहे दिलीप मिश्रा एवं राजेश पायलट सहित 15 अभियुक्त बनाए गए हैं।

### प्रदेश की बैंकों में इन दो राज्यों के बाद जमा है सबसे ज्यादा पैसा

## देश में टॉप पर बना हुआ है यह राज्य

**लखनऊ, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों की वित्तीय स्थिति पर अध्ययन किया है। हाल ही में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देश में महाराष्ट्र और दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश सरकारी बैंकों में जमा धन के मामले में तीसरे नंबर पर है। महाराष्ट्र के बैंकों में 46 लाख करोड़ रुपये, दिल्ली के बैंकों में 18 लाख करोड़ और यूपी के बैंकों में 17.45 लाख करोड़ रुपये जमा है। पर, ऋण-जमा अनुपात (सीडीआर) के मामले में यूपी के बैंकों की स्थिति अन्य बड़ों राज्यों से काफी कमजोर है। आरबीआई ने बैंकों के लिहाज से देश को छह रीजन में विभाजित कर डाटा पेश किया है। इसे उत्तर क्षेत्र, उत्तर-पूर्व क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, केंद्रीय क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र में राज्यों को बांटा है। केंद्रीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड हैं। इन चार राज्यों में स्थित बैंकों की कुल जमा पूंजी 28.30 लाख करोड़ रुपये है। इनमें से 17.45 लाख करोड़ रुपये अकेले यूपी के बैंकों में हैं। यानी शेष रकम तीन राज्यों के बैंकों में जमा है। बैंकों की वित्तीय स्थिति किसी राज्य की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत होती है। बैंकों में जमा धन का ग्राफ बढ़ने का संकेत निवेश, औद्योगिक विकास और आय में वृद्धि से जोड़ा जाता है। आरबीआई के मुताबिक कोरोना काल (वर्ष 2020) में यूपी के वाणिज्यिक बैंकों में 11.45 लाख करोड़ रुपये जमा थे। ये रकम चार वर्ष में छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। इस मामले में कर्नाटक से कभी पीछे रहने वाला यूपी अब उससे काफी आगे निकल गया है।



### ऋण-जमा अनुपात में यूपी पीछे

ऋण–जमा अनुपात (सीडीआर) के मामले में यूपी कई राज्यों से पीछे है। यूपी से आगे आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान सहित कई छोटे राज्य हैं। सीडीआर के मामले में बड़े राज्यों में नंबर वन आंध्र प्रदेश (158), दूसरे नंबर पर तेलंगाना (119), तीसरे पर तमिलनाडु (117), चौथे पर राजस्थान व दिल्ली (91) और पांचवें पर महाराष्ट्र (83) हैं। यूपी का सीडीआर केवल 53 है।

### एक साल में 25 लाख करोड़ बैंकों में ज्यादा जमा

वर्ष 2023 में देशभर के बैंकों में 187 लाख करोड़ रुपये जमा थे। ये रकम वर्ष 2024 में बढ़कर 212 लाख करोड़ रुपये हो गई। यानी एक वर्ष में बैंकों में 25 लाख करोड़ रुपये ज्यादा जमा किए गए। कोरोना काल वर्ष 2020 की तुलना में इस वर्ष 75 लाख करोड़ रुपये ज्यादा बैंकों के खातों में जमा हुआ है। तब बैंकों में कुल 137 लाख करोड़ रुपये जमा थे।

## इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड के ठिकानों पर आयकर का छापा

### यूपी से लेकर मुंबई तक के ठिकाने खंगाल रही टीमें



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड के आधा दर्जन शहरों के 25 ठिकानों पर छापा मारा है। राजधानी में कंपनी के ऐशबाग स्थित वाटर वर्क्स रोड पर कंपनी की फैक्ट्री और कार्यालय को खंगाला जा रहा है। इसी तरह नोएडा, मुंबई, बरेली और हरदोई में भी छापे मारे गए हैं। कंपनी द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने की शिकायतों के बाद आयकर विभाग ने यह कदम उठाया है।

सूत्रों की मानें तो इंडियन पेस्टिसाइट लिमिटेड द्वारा बीते कई वर्षों के आयकर विवरण में तमाम अनियमितताएं मिल रही थीं।

जिसके बाद इस मामले की जांच का जिम्मा इंवेस्टिगेशन विंग को सौंपी गई, जिसके बाद करीब 60 अधिकारियों के नेतृत्व में टीमों ने सुरक्षा बलों को साथ लेकर बृहस्पतिवार को कंपनी के सभी ठिकानों पर एकसाथ छापा मारा है।

### मुंबई, नोएडा में भी कंपनी के कार्यालय हैं

बता दें कि इंडियन पेस्टिसाइड लिमिटेड लिस्टेड कंपनी है। आयकर विभाग दस्तावेजों को खंगालने के बाद कुछ अन्य जगहों पर भी छानबीन कर सकता है। राजधानी में कंपनी का ऐशबाग में कारपोरेट ऑफिस है, जबकि चिनहट और हरदोई के संडीला में उसकी फैक्ट्री हैं। इसके अलावा मुंबई, नोएडा आदि में भी कंपनी के कार्यालय हैं।

**कृषि रसायन, जैविक उत्पादों का आयात-निर्यात भी करती है-** कंपनी के निदेशकों में मधु दीक्षित, आनंद स्वरूप अग्रवाल, मोहन वसंत टकसाले, आदेश कुमार गुप्ता, राहुल अरुण, विशाल स्वरूप अग्रवाल, विश्वास स्वरूप अग्रवाल, राजेंद्र सिंह शर्मा आदि शामिल हैं। कंपनी कृषि रसायन, जैविक उत्पादों का आयात-निर्यात भी करती है। उसकी एक सहयोगी कंपनी का हमीरपुर में भी प्लांट बताया जा रहा है।

## कानपुर में एसीपी ने किया आई आई टी छात्रा से रेप : सीपी ने दिए एफ आई आर के आदेश

### पद से हटाए गए आरोपी पुलिस अधिकारी एसीपी मोहसिन खान

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण करने के मामले में कानून के रखवाले कहे जाने वाले पुलिस वाले भी पीछे नहीं है। ऐसा ही प्रकाश में आया एक मामला यहां पुलिस विभाग में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसके मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने आईआईटी की छात्रा के साथ बलात्कार कर डाला। आरोपों की जांच कराने से घटना की सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एसीपी अनवरगंज मोहसिन खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जांच के लिए पहुंची डीपी और एसीपी को पीड़िता ने बताया कलेक्टरगंज एसीपी मोहसिन खान आई आई टी से साइबर क्राइम और क्रिमिनोलॉजी की पढ़ाई कर रहे हैं। वहां रिसर्च स्कॉलर से नजदीकी बढ़ गई और प्यार में फंसाने में सफल होने के बाद उससे बलात्कार किया।

इसी दौरान जब पीड़िता के सामने एसीपी के शादीशुदा होने के साथ अन्य सच्चाई सामने आ ई तो उसने कानपुर पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

उनके आदेश आज गुरुवार को डीसीपी साउथ अंकित शर्मा और एसीपी अर्चना सिंह ने सिविल ड्रेस में दो घंटे बंद कमरे में पीड़िता से पूछताछ की। जिसमें एसीपी पर लगाया गया उसका आरोप सही पाया गया। फिलहाल एसीपी को उसके पद से हटाने के साथी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने आरोपी एसीपी के खिलाफ बलात्कार समेत और गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। घटना पुलिस महकमे में में भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

## अंतरिक्ष से भी दिखेगा महाकुंभ, इसरो की सेटेलाइट लेंगी तस्वीरें




**प्रयागराज, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ का भागीदार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भी बनेगा। बताया जा रहा है कि अंतरिक्ष से महाकुंभ की तस्वीरें इसरो की सेटेलाइट से ली जाएंगी। सभी स्नान पर्वों के दौरान सेटेलाइट से महाकुंभ मेला क्षेत्र की विशेष निगहबानी भी की जाएगी। प्रयागराज महाकुंभ में इस बार 40 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने विशेष व्यवस्था की है। खास बात यह है कि इस बार सेटेलाइट से भी महाकुंभ मेले पर नजर रखी जाएगी। हालांकि, वर्ष 2019 में इसरो ने कुंभ की तस्वीरें ली थीं। तब 16 जनवरी को इसरो द्वारा कुंभ क्षेत्र की दो तस्वीरें जारी भी की गई थीं। उन तस्वीरों में संगम क्षेत्र और तट पर जमा लाखों श्रद्धालु दिखे थे। तब इसरो ने अपने ट्विटर अकाउंट (अब एक्स) से फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि कुंभ मेला-2019 की दो तस्वीरें रिमोट सेंसिंग सेटेलाइट कार्टोसैट-2 से ली गई हैं, जो कुंभ के क्षेत्र को दिखा रही हैं।

बेहतरीन तस्वीर मिलने की उम्मीद

बता दें इसरो द्वारा जारी की गई उन तस्वीरों में गंगा और यमुना का संगम दिखने के साथ ही उनके रंग का अंतर भी साफ दिख रहा था। हालांकि, ब्लैक एंड व्हाइट इमेज में यमुना का जल काला और गंगा जल हल्का काला दिख रहा था। यमुना में चल रही नावें भी तस्वीर में कैद हुई थीं। इतना ही नहीं गंगा में बनाए गए पांटून पुल भी सेटेलाइट इमेज में लकीर जैसे दिखे थे। इसके अलावा ओडी फोर्ट, नया यमुना पुल, संगम के आसपास की वाटर बैरिकेडिंग आदि सब कुछ सेटेलाइट इमेज में दिखी थी। 2019 के मुकाबले इसरो अब तकनीकी रूप से कहीं ज्यादा मजबूत हो गया है। ऐसे में उम्मीद है कि महाकुंभ-2025 के दौरान इसरो की सेटेलाइट द्वारा महाकुंभ से जुड़ी बेहतरीन तस्वीरें जारी की जाएंगी। हालांकि, सुरक्षा की दृष्टि से इसरो के बारे में मेला प्रशासन अभी कुछ भी कहने से बच रहा है।

### अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण पर जोर

पडरौना। जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। आर्बिट्रेशन व बैंक ऋण के अधिक से अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए जिला जज सुशील कुमार शशि की अध्यक्षता में सभी फाइनेंस कंपनियों शाखा प्रबंधक, फाइनेंस के अधिवक्ताओं व बैंक के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक हुई। ज्यादा से ज्यादा मामलों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मोहम्मद रिजवान अहमद, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, कुशीनगर, शैलेंद्र मणि त्रिपाठी अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता श्रीराम सिटी, ऋषिकेश पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

## मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवर चोरी

**छिबरामऊ।** मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी पार कर दी। बुधवार सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देख घर में चोरी होने की जानकारी गृहस्वामी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला चोर गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। छिबरामऊ के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी इरशाद की पत्नी बिल्कीसा की पांच दिन पहले तबीयत बिगड़ गई थी। इरशाद घर में ताला डालकर वह पत्नी को दवाई दिलाने के लिए औरैया के मुरादगंज क्षेत्र के ग्राम जाने गए थे। मंगलवार रात चोर उनके मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और कमरों में रखे बक्से व अलमारी तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सुबह पड़ोस में रहने वाले इरशाद के भाई ने ताला टूटा देख चोरी की जानकारी दी। परिवार के साथ पहुंचे इरशाद ने बताया कि चोर घर से सोने का हार, तीन अंगूठी, सोने का छपका, टीका, सोने के झाले, झुमकी, पेंडल, चांदी की तोड़ियां, हथफूल समेत बाइक खरीदने के लिए रखी एक लाख रुपये चोरी कर ले गए। इरशाद की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही गली में लगे सीसीटीवी के कैमरे भी खंगाले। कैमरों के फुटेज में रात में एक युवक उसके घर की तरफ आता हुआ दिखाई दे रहा है। कोतवाल अजय अवस्थी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024



# रोहित आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे : परांजपे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे के अनुसार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा भले ही दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में विफल रहे हों पर वह बचे हुए तीन मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। रोहित दिन-रात के दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम में उतरे थे और दोनो ही पारियों में मिलाकर भी दो अंकों तक नहीं पहुंच पये। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज में भी वह असफल रहे थे। इससे उनके पिछले 6 टेस्ट की औसत घटकर 11.83 हो गई है। रोहित को अपने गेंदबाजों का सभी तरीके से उपयोग नहीं करने के कारण भी आलोचना का सामना करना पड़ा था। परांजपे ने कहा कि पिछली कुछ टेस्ट पारियों में उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा है पर मुझे लगता है कि फॉर्म अस्थायी है और क्लास स्थायी है। मुझे रोहित के अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर भरोसा है क्योंकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह मुंबई के खिलाड़ी हैं। जब चीजें कठिन होती हैं तो वे आपके खिलाफ जीत हासिल करने के लिए जाने जाते हैं।

मुझे लगा कि एडिलेड में इस टेस्ट मैच में वह थोड़ा खराब थे पर मुझे भरोसा है कि वह वापसी करेंगे। उनकी बल्लेबाजी में कुछ भी गलत नहीं है, बस उन्हें मैदान पर एक या दो घंटे टिककर खेलने की जरूरत है। परांजपे ने कहा, रोहित को 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी चाहिए। सलामी बल्लेबाज के स्थान पर वापस आना उनके लिए एक आरामदायक क्षेत्र है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह यशस्वी जायसवाल के साथ शीर्ष स्थान पर वापस आएंगे। वहीं केएल राहुल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेज जाएगा। मैंने यह भी सोचा कि पहले कुछ दिनों में वह अपनी कप्तानी में थोड़ा कमजोर थे और मुझे भरोसा है कि वह आने वाले तीन मैचों में अपनी पुराने अंदाज में दिखेंगे। वहीं परांजपे ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 3 से 4 साल में वह विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तान के तौर पर उभरे हैं। एडीलेड में उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की थी।

## पोटिंग का रिकार्ड तोड़ने विराट को चाहिये 227 रन



**एजेंसी, ब्रिस्बेन।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ सकते हैं। क्रिकेट में सबसे अधिक रनों के मामले में सचिन तेंदुलकर (34,357) के बाद दूसरे नंबर पर कुमार संगकारा है. श्रीलंका के संगकारा ने 594 मैचों में 28,016 रन बनाए हैं! इनमें 63 शतक शामिल हैं! वहीं पोंटिंग तीसरे नंबर पर हैं। पोटिंग ने 560 मैचों में 27,483 रन बनाए हैं, इनमें 71 शतक शामिल हैं। अभी सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में विराट चौथे नंबर पर हैं। विराट को रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ने के लिए 227 रन चाहिए. ये रन बनाते ही उनके कुल 27,484 रन हो जाएंगे। विराट ने अब तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 4 पारियों में एक शतक बनाया है पर 3 पारियों में वह विफल रहे हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक महीने के अंदर 3 टेस्ट मैच और खेलने हैं। ऐसे में कोहली के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। मौजूदा क्रिकेटरों में विराट कोहली के बाद सबसे अधिक रन जो रूट के नाम हैं। उन्होंने 354 मैचों में 20,301 रन बनाए हैं. इनमें 52 शतक शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के कारण भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर लगा जुर्माना



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रविवार को ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के दूसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी डेविड गिल्बर्ट ने यह जुर्माना तब लगाया जब समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भारत को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध के लिए दोषी होने की बात मान ली और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। ऑन-फील्ड अंपायर क्लेयर पोलोसाक और डोनोवन कोच, तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर डेविड टेलर ने आरोप लगाए। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से शकस्त दी।

## रॉयल एनफील्ड के आइस हॉकी कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन, 13 कोचों को किया गया प्रशिक्षित

**एजेंसी, गुरुग्राम**

रॉयल एनफील्ड ने अपनी सामाजिक मिशन योजना के तहत हिमालयी क्षेत्र में आइस हॉकी के विकास के उद्देश्य से 8 दिसंबर को गुरुग्राम के आईस्केट में आइस हॉकी कोच प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की थी, जिसका आज समापन हुआ। इस शिविर के तहत लद्दाख के 19 और हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति क्षेत्रों के 13 कोचों को प्रशिक्षित किया गया। ये प्रशिक्षित कोच सामुदायिक लीडर्स के रूप में 2025 रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग, लद्दाख और स्पीति कप के लिए 500 से अधिक खिलाड़ियों को खोजने और प्रशिक्षित करने का काम करेंगे।

यह पहल रॉयल एनफील्ड द्वारा दिसंबर 2023 में स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के सहयोग से जारी की गई 'द गेमचेंजर' नामक आइस हॉकी विकास की ब्लूप्रिंट के तहत की गई है। यह ब्लूप्रिंट भारतीय आइस हॉकी टीम को 2042 शीतकालीन ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाने के लिए एक कार्य योजना प्रदान करता है। शिविर के महत्व को आइस हॉकी के विकास की एक नींव के रूप में रेखांकित करते हुए, आयशर ग्रुप फाउंडेशन (रॉयल एनफील्ड की सीएसआर शाखा) की कार्यकारी निदेशक बिदिशा डे ने कहा, "आइस हॉकी लद्दाख में सर्दियों के कठोर महीनों के दौरान सबसे लोकप्रिय खेल के रूप में सामुदायिक भावना को प्रेरित करता है और व्यापक रुचि उत्पन्न करता है। यह हिमाचल प्रदेश में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह शिविर एक रणनीतिक हस्तक्षेप है जो इन कोचों को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार सामुदायिक खिलाड़ियों को गुणवत्ता प्रशिक्षण देने में सक्षम बनाकर गुणात्मक प्रभाव डालेगा।" डैरिल ईसन द्वारा तैयार और संचालित यह शिविर 2024/25 आइस हॉकी सीज़न का शुभारंभ करता है। डैरिल 35 वर्षों के अपने विविध अनुभव के साथ यूनाइटेड किंगडम और हंगरी जैसी राष्ट्रीय आइस हॉकी टीमों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।



## आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने ब्रिसबेन ओलंपिक की सीईओ सिंडी हुक से की मुलाकात

**एजेंसी, ब्रिसबेन**



क्रिकेट वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में अपनी वापसी करने के लिए तैयार है। यह 128 वर्षों के अंतराल के बाद खेल की ओलंपिक में वापसी का प्रतीक है। क्रिकेट आखिरी बार 1900 पेरिस ओलंपिक में शामिल हुआ था, जहाँ ग्रेट ब्रिटेन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने गुरुवार को ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की आयोजन की सीईओ सिंडी हुक से मुलाकात की। जय शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, "ओलंपिक आंदोलन में क्रिकेट की भागीदारी के लिए बहुत ही रोमांचक समय है - आज ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में ब्रिसबेन 2032 ओलंपिक आयोजन समिति के साथ बैठक हुई।" क्रिकेट को 2028 ओलंपिक में शामिल करने का फैसला पिछले साल अक्टूबर में मुंबई में आयोजित 141वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति सत्र के दौरान लिया गया था। प्रतियोगिता का प्रारूप टी-20 होगा, जो खेल का एक तेज़-तर्रार और लोकप्रिय संस्करण है, जिसके वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने की उम्मीद है। पिछले साल हांग्जो में एशियाई खेलों में क्रिकेट की सफल वापसी के बाद ओलंपिक में क्रिकेट को फिर से शामिल किया गया है। एशियाई खेलों में पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए एक बहु-राष्ट्र टी20 टूर्नामेंट शामिल था। भारत ने इस आयोजन पर अपना दबदबा बनाया और दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक हासिल किए। पुरुषों के टूर्नामेंट में, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते, जबकि महिलाओं के टूर्नामेंट में, श्रीलंका और बांग्लादेश ने रजत और कांस्य पदक जीते। 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करना खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो इसके उत्साह और व्यापक अपील को प्रदर्शित करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर क्रिकेट के विकास के लिए नई उत्सुकता और तैयारियाँ नया उत्साह और अवसर लाने के लिए तैयार हैं।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के फीफा विश्व कप 2030 की सह-मेजबानी करने पर कहा-एक सपना सच हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल द्वारा फीफा विश्व कप 2030 की सह-मेजबानी करने पर कहा कि यह एक सपने के सच होने जैसा लगता है। 2030 विश्व कप इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 100वां संस्करण होगा और इसकी मेजबानी मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन मिलकर करेंगे। इस बीच, बुधवार को फीफा ने भी पुष्टि की कि 2034 विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब करेगा। रोनाल्डो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट देश को गौरवान्वित करेगा।

रोनाल्डो ने एक्स पर लिखा, "एक सपना सच हुआ। पुर्तगाल 2030 विश्व कप की मेजबानी करेगा और हमें साथ मिलकर गौरवान्वित करेगा।" बुधवार को वर्चुअल फीफा कांग्रेस के दौरान दोनों बोलियों को निर्विरोध और मंजूरी दी गई। इसके साथ ही, अर्जेंटीना और उसके दक्षिण अमेरिकी पड़ोसी देश पैराग्वे और उरुग्वे विश्व कप की शताब्दी मनाने के लिए एक-एक मैच की मेजबानी करेंगे। उरुग्वे ने 1930 में पहला विश्व कप आयोजित किया था। फीफा ने एक्स पर लिखा, "फीफा विश्व कप के अगले दो संस्करणों के लिए मेजबानों का परिचय! 2030 में मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन मेजबानी करेंगे, अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में शताब्दी मैच होंगे। चार साल बाद, सऊदी अरब फीफा विश्व कप 2034 की मेजबानी करेगा।" इन तीन मैचों में से पहला मैच उरुग्वे के एस्टाडियो सेंटेनारियो में खेला जाएगा, जहां से यह सब शुरू हुआ था, फीफा कांग्रेस के दौरान मौजूद देशों ने अपने कैमरों के सामने ताली बजाकर अपना वोट दिया। पिछले साल, सऊदी अरब 2034 विश्व कप के लिए एकमात्र बोलीदाता के रूप में उभरा, जिसमें फीफा ने 2030 और 2034 टूर्नामेंटों के निर्णयों को एक ही वोट में मिलाने का फैसला किया। आधिकारिक घोषणा के बाद, सऊदी अरब पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जो खेल की दुनिया में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।



## पाकिस्तान के खिलाफ बचे दो टी-20 और वनडे श्रृंखला से बाहर हुए एनरिक नॉर्टजे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज़ एनरिक नोर्टजे पाकिस्तान के खिलाफ बाकी बचे दो टी20 और उसके बाद होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। 31 वर्षीय नॉर्टजे को शुरुआती मैच से बाहर बैठना पड़ा क्योंकि मैच से पहले ट्रेनिंग के दौरान उनके बाएं पैर के अंगूठे में चोट लग गई थी। इसके बाद किए गए स्कैन से पता चला कि गेंदबाज के बाएं पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हुआ है।

ऑलराउंडर दयान गलीम को नॉर्टजे की जगह टीम में शामिल किया गया है। इस अनकैप्ड पेसर ने अब तक अपने 60 मैचों के टी20 करियर में 46 विकेट चटकाए हैं। इस बीच, नॉर्टजे इस साल जून में आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं, जहाँ वे 15 विकेट लेकर अपने देश के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। कार्यभार प्रबंधन के कारण उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के साथ राष्ट्रीय अनुबंध से भी बाहर होने का विकल्प चुना है। दक्षिण अफ्रीका के लिए चोटिल गेंदबाजों की लंबी सूची में नॉर्टजे पांचवें स्थान पर हैं। गेराल्ड कोएट्ज़ी कमर की चोट के कारण बाहर हैं जबकि नांद्रे बर्गर पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर के कारण बाहर हैं। लुंगी एन्गिडी को कूल्हे में चोट लगी है जबकि श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद बाहर हुए वियान मुल्डर की उंगली टूट गई है।

## बिहार सरकार ने मोइन-उल-हक स्टेडियम बीसीए को किया हस्तांतरित, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता साफ

**एजेंसी, पटना**



बिहार सरकार ने मंगलवार को मोइन-उल-हक स्टेडियम के लिए भूमि की रजिस्ट्री बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को 30 साल की लंबी अवधि के पट्टे पर हस्तांतरित कर दी। पटना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी और राज्य के क्रिकेटरों को अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम प्रदान करने के लिए बिहार सरकार और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा उठाया गया यह एक बड़ा कदम है।

इसके अलावा सरकार ने पूर्व में घोषित लगभग 37 करोड़ रुपये की भूमि रजिस्ट्री फीस माफ कर दी। रजिस्ट्री दस्तावेजों पर बिहार सरकार की ओर से खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार और बीसीए की ओर से अध्यक्ष राकेश तिवारी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर खेल विभाग के उप निदेशक संजय कुमार, पटना जिला खेल पदाधिकारी ओम प्रकाश, बीसीए सचिव जियाउल आफरीन, जीएम एडमिन नीरज राठौर समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। भूमि रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीसीए अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने घोषणा की कि नए साल में खरमास समाप्त होने के बाद स्टेडियम निर्माण शिलान्यास समारोह की तिथि घोषित की जाएगी और जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राकेश तिवारी ने कहा, "बिहार सरकार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। अब बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को अपना काम शुरू करना है। बीसीए निर्माण में तेजी लाकर दो से तीन साल के अंदर बिहार के लोगों को विश्वस्तरीय स्टेडियम उपलब्ध कराएगा, जहां वे अंतरराष्ट्रीय मैचों का लुत्फ उठा सकेंगे।"

## विजय हजारे ट्रॉफी 2024/25 : तमिलनाडु के कप्तान बने साई किशोर, जगदीशन होंगे उप-कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



तमिलनाडु ने गुरुवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2024/25 के लिए अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें साई किशोर टीम के कप्तान होंगे और एन जगदीशन उप कप्तान होंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के विस्तार के बाद से तमिलनाडु सबसे सफल टीम है, जिसने इसे पांच बार जीता है।

पिछले संस्करण में तमिलनाडु की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी, जहां उसे अंतिम चैंपियन हरियाणा से हार का सामना करना पड़ा था। विजय हजारे ट्रॉफी 2024/25 के लिए तमिलनाडु की टीम इस प्रकार है- साई किशोर आर (कप्तान), एन जगदीशन (उप-कप्तान), इंद्रजीत बी, आंद्रे सिद्धार्थ सी, बूपति वैष्ण कुमार, तुषार रहेजा, शाहरुख खान एम, मोहम्मद अली एस, संदीप वारियर, दीपेश डी, अच्युत सी वी, प्रणव राघवेंद्र आर डी, अजित राम एस, वरुण सी वी, विजय शंकर, प्रदोष रंजन पॉल।

## ट्रांसजेंडर महिलाओं को ब्रिटेन के कई घरेलू टेनिस टूर्नामेंटों में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से रोका गया

**एजेंसी, लंदन**



लॉन टेनिस एसोसिएशन (एलटीए) ने बुधवार को घोषणा की कि जन्म के समय पुरुष माने जाने वाली ट्रांसजेंडर महिला नॉन-बाइनरी व्यक्तियों को अगले महीने से ब्रिटेन में कई घरेलू टेनिस टूर्नामेंटों की महिला श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने से रोक दिया जाएगा। ब्रिटिश टेनिस की शासी संस्था ने एक नई ट्रांसजेंडर और नॉन-बाइनरी नीति जारी की और कहा कि उसे प्रतिस्पर्धी निष्पक्षता और समावेश के बीच संतुलन बनाना होगा। ये नियम ब्रिटेन में आयोजित विंबलडन या एटीपी और डब्ल्यूटीए जैसे टूर्नामेंटों पर लागू नहीं होते क्योंकि एलटीए उन प्रतियोगिताओं का प्रभारी नहीं है। घरेलू पैडल को इसमें शामिल किया गया है, लेकिन ब्रिटेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम इसमें शामिल नहीं हैं। एलटीए ने एक बयान में कहा, "यह स्पष्ट है कि टेनिस और पैडल लिंग-प्रभावित खेल हैं - औसत पुरुष को औसत महिला के खिलाफ खेलते समय लाभ होता है। इसमें गेंद तक पहुँचने और उसे मारने के लिए लंबे लीवर शामिल हैं और बढ़ी हुई कार्डियो-वैस्कुलर क्षमता का मतलब है कि कोर्ट में अधिक आसानी से घूम पाना।" एलटीए ने कहा कि इस बात पर व्यापक सहमति थी कि यह लाभ "ट्रांस महिलाओं में काफी हद तक बरकरार रहने की संभावना है, जिससे प्रतिस्पर्धा संभावित रूप से अनुचित हो जाएगी।" यह नीति 25 जनवरी को लागू होगी और राष्ट्रीय चैंपियनशिप से लेकर स्थानीय स्तर तक, विभिन्न क्लबों और स्थानों के खिलाड़ियों को शामिल करने वाली लीग और टूर्नामेंट पर लागू होगी। केवल एक स्थान के खिलाड़ियों के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रम, जैसे क्लब चैंपियनशिप और सामाजिक टूर्नामेंट, अपनी खुद की नीति निर्धारित करने में सक्षम होंगे क्योंकि "इसका उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को अपने स्थानीय टेनिस समुदाय का हिस्सा महसूस करने में सक्षम बनाने के लिए मज़ेदार, सामाजिक प्रतिस्पर्धा प्रदान करना है।" एलटीए ने कहा, "हम स्थानीय स्थलों को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं कि वे ट्रांस और नॉन-बाइनरी व्यक्तियों के लिए यथासंभव समावेशी हों, तथा उन्हें मैत्रीपूर्ण वातावरण में प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करें।"

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024





# फेफड़ों की बीमारी के लिए चुकंदर का रस फायदेमंद!

एक शोध से यह बात सामने आई है कि 12 सप्ताह तक चुकंदर का रस लेने से क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित लोगों में सुधार हुआ है।
सीओपीडी एक गंभीर फेफड़ों की स्थिति है जो दुनिया भर में लगभग 400 मिलियन लोगों को प्रभावित करती है, जिसमें क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और वातस्फीति (एम्फाइजिमा) शामिल है, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है और लोगों की शारीरिक गतिविधि की क्षमता गंभीर रूप से सीमित हो जाती है। इससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। ूरोपियन रेस्पिरेटरी जर्नल में प्रकाशित नए शोध में एक केंद्रित चुकंदर के रस के पूरक का परीक्षण किया गया, जिसमें चुकंदर के रस के मुकाबले नाइट्रेट की मात्रा अधिक होती है, जो दिखने और स्वाद में समान था। लेकिन, नाइट्रेट हटा दिया गया था।
इंपीरियल कॉलेज लंदन यूके के प्रोफेसर निकोलस हॉपकिंसन ने कहा, कुछ सबूत हैं कि नाइट्रेट के स्रोत के रूप में चुकंदर के रस का उपयोग एथलीटों द्वारा अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है और साथ ही रक्तचाप को देखते हुए कुछ अल्पकालिक अध्ययन भी किए गए हैं।
हॉपकिंसन ने कहा, रक्त में नाइट्रेट का उच्च स्तर नाइट्रिक ऑक्साइड की उपलब्धता को बढ़ा सकता है, एक रसायन जो रक्त वाहिकाओं को आराम देने में मदद करता है। यह मांसपेशियों की कार्यक्षमता को भी बढ़ाता है यानी समान कार्य करने के लिए उन्हें कम ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। अध्ययन में सीओपीडी वाले 81 लोगों को शामिल किया गया और जिनका सिस्टोलिक रक्तचाप 130 मिलीमीटर पारा (एमएमएचजी) से अधिक था। मरीजों के रक्तचाप की निगरानी करने के साथ-साथ, शोधकर्ताओं ने परीक्षण किया कि अध्ययन की शुरुआत और अंत में मरीज छह मिनट में कितनी दूर तक चल सकते हैं।
प्रतिभागियों को 12 महीने के कोर्स में नाइट्रेट से भरपूर चुकंदर का रस दिया गया और कई रोगियों को बिना नाइट्रेट वाला चुकंदर का रस दिया गया।
शोधकर्ताओं ने पाया कि नाइट्रेट युक्त पूरक लेने वालों ने नाइट्रेट लेने वालों की तुलना में सिस्टोलिक रक्तचाप में 4.5 मिमी/एचजी की औसत कमी का अनुभव किया। नाइट्रेट से भरपूर चुकंदर का जूस पीने वाले मरीज छह मिनट में कितनी दूर तक चल सकते हैं, इसमें भी औसतन लगभग 30 मीटर की वृद्धि हुई। प्रोफेसर हॉपकिंसन ने कहा, अध्ययन के अंत में हमने पाया कि नाइट्रेट युक्त चुकंदर का जूस पीने वाले लोगों का रक्तचाप कम था और उनकी रक्त वाहिकाएं कम कठोर हो गईं। जूस से यह बात भी सामने आई कि सीओपीडी वाले लोग छह मिनट में कितनी दूर तक चल सकते हैं। यह इस क्षेत्र में अब तक के सबसे लंबी अवधि के अध्ययनों में से एक है। परिणाम बहुत आशाजनक हैं, लेकिन इसके लिए दीर्घकालिक अध्ययनों की आवश्यकता होगी।
स्वीडन में कारोलिंस्का इंस्टिट्यूट के प्रोफेसर अपोस्टोलोस बोसियोस ने कहा, सीओपीडी को ठीक नहीं किया जा सकता है, इसलिए मरीजों को इस स्थिति के साथ बेहतर जीवन जीने और उनके हृदय रोग के खतरे को कम करने में मदद करने की सख्त जरूरत है। हालांकि, बोसियोस ने निष्कर्षों की पुष्टि के लिए लंबी अवधि तक रोगियों का अध्ययन करने की आवश्यकता पर बल दिया।





# दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है अजवाइन

**अगर आप वजन कम करना चाहते हैं या कब्ज की समस्या से परेशान हैं, तो आपके लिए अजवाइन का सेवन फायदेमंद है। इसमें कई ऐसे गुण होते हैं, जो आपकी कई शारीरिक समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। क्या आप काफी समय से वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं और नहीं कर पा रहे हैं या पेट की समस्या से परेशान है, तो ऐसी कई समस्याओं का उपाय, आपके किचन में रखा यह एक मसाला कर सकता है। हम बात कर हैं अजवाइन की, यह एक सबसे सस्ता और फायदेमंद मसाला होने के साथ एक अच्छा फैट बर्नर भी है।**

अजवाइन का इस्तेमाल भारतीय रसोई में काफी सालों से किया जा रहा है। इसके सेवन से आप आसानी से वजन कर सकते हैं । यह कई स्वास्थ्य संबंधित फायदे भी देती है, जैसे कि पेट दर्द, गैस और पेट के कई रोगों को भी यह दूर करने में मदद करती है। जिन लोगों को गठिया है, उसके उपचार में भी यह काफी लाभदायक साबित हो सकता है। इसका उपयोग हर्बल औषधि में किया जाता है।

### वेट लॉस में मदद करता है

अजवाइन में थाइमोल नामक एक तत्व होता है, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, तो नया फैट बन नहीं पता है और पुराना फैट आसानी से बर्न होता है, तो अजवाइन का सेवन इस तरह से वजन कम करने में मदद कर सकता है।

### दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है

अजवाइन में फाइबर, विटामिन ए और अन्य तरह के पोषण पाए जाते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य को सुधार सकती हैं। इस पर हुए शोध में पता चला है कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल से लड़ने में काफी सहायक होती है।

### दर्द निवारक है

पेट के दर्द में अजवाइन काफी काम आती है, क्योंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द को कम करने में मदद करते हैं।दर्द के अलावा यह सूजन को भी कर सकती है। अजवाइन में थाइमोल नामक तत्व होता है, जो एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है।

### ब्लड प्रेशर कंट्रोल

इसमें मौजूद पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में मदद कर सकता है। हाई पोटैशियम डाइट से उच्च ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

### पाचन स्वास्थ्य के लिए

अजवाइन पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है। अगर आपको गैस, एसिडिटी, और कब्ज की समस्या बनी रहती है, तो आपको इसका रोजाना सेवन जरूरी करना चाहिए।



# ठंड में हार्ट के मरीज बरतें ये सावधानियां

ठंड के मौसम में हमारे शरीर में कई तरह के बदलाव आने लगते हैं। सर्दी के कारण जहां सर्दी और खांसी की समस्या बढ़ जाती है। वहीं इस मौसम में दिल की बीमारी को खतरा भी काफी बढ़ जाता है। दरअसल सर्द हवाओं के चलते रक्त वाहिकाएं संकुचित हो जाती है जिसके कारण ब्लड का फ्लो सही से नहीं हो पता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है। दिल पर दबाव पड़ता है और हार्ट अटैक का कारण बनता है। वहीं इस मौसम में हमारी लाइफस्टाइल भी काफी ज्यादा बदल जाती है। इसके कारण भी हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है। अगर आप हार्ट के पेशेंट हैं और खुद को सर्दियों में सुरक्षित रखना चाहते हैं तो आप इन बातों को जरूर ध्यान में रखें।

### सर्दियों में हार्ट के मरीज ऐसे बरतें सावधानियां

- सर्दियों के मौसम में आप अनहेल्दी फूड खाने से बचें। अगर आप ठंड के दिनों में ज्यादा तला भुना या फ्राइड चीज खाते हैं,तो यह आपके हार्ट को नुकसान पहुंचा सकता है। ब्लड फ्लो वैसे ही कम हो जाता है और ऑयली चीज खाने से ब्लड वेसल में फैट जमा हो जाएगा तो ब्लड फ्लो पूरी तरह से बाधित हो सकता है। यह हार्ट हेल्थ के मरीजों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचता है।
- हार्ट के मरीजों को एक्सरसाइज रेगुलर बेसिस पर करना जरूरी होता है। सर्दियों में लोग अक्सर ज्यादा खाते हैं और कंफर्टेबल फूड खाने के आदी हो जाते हैं। ऐसे में वजन बढ़ने का रिस्क बढ़ जाता है और इससे हार्ट पर ज्यादा दबाव पड़ने लगता है। इससे बचने का बेहतर उपाय यह है कि आप बहुत ज्यादा एक्सरसाइज नहीं भी कर पाए तो हल्की-फुल्की एक्सरसाइज हर रोज करें। इससे आप एक्टिव रहेंगे और हार्ट भी ठीक से फंक्शन करेगा।
- सर्दियों के मौसम में अक्सर धूप की कमी के चलते मेंटल हेल्थ खराब हो जाता है। अक्सर लोग डिप्रेशन और स्ट्रेस के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में आप कोशिश करें कि तनाव कम लें, स्ट्रेस मैनेज करें। क्योंकि स्ट्रेस की वजह से बीपी बढ़ सकता है और यह हार्ट अटैक का कारण बन सकता है।
- हार्ट को हेल्दी रखने के लिए ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना जरूरी होता है। ऐसे में सर्दियों में जितना कम हो सके उतना नमक का सेवन करें, शरीर में नमक पानी को रोकता है और हार्ट को इस लिक्विड को पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।
- अक्सर लोग सर्दियों में धूम्रपान ज्यादा करते हैं। इससे भी हार्ट अटैक की आशंका ज्यादा होती है। इससे धमनियों में प्लाक जमा होता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी घटता है। कोशिश करें कि धूम्रपान ना करें



# महिलाओं में होने वाले सबसे गंभीर कैंसरों में से एक है सर्वाइकल कैंसर

कैंसर एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है। यह कई प्रकार के होते हैं। इन्हीं में से एक है सर्वाइकल कैंसर। यह महिलाओं में होने वाले सबसे गंभीर कैंसरों में से एक है। ब्रेस्ट कैंसर के बाद भारत में इस बीमारी से सबसे ज्यादा महिलाएं पीड़ित है। यह महिलाओं की मौत का एक प्रमुख कारण माना जाता है। इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल जनवरी के महीने को सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ के तौर पर मनाया जाता है। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा में होता है। इसे गर्भाशय के मुंह का भी कैंसर कहा जाता है। महिलाओं में गर्भाशय और योनि को जोड़ने वाले हिस्से को सर्विक्स कहते हैं। इस वजह से इसमें होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। यह कैंसर एचपीवी यानी कि ह्युमन पैपिल्लोमा वायरस के कारण होता है । एचपीवी शरीर में अंदर प्रवेश करके यूटरस के अंदरूनी हिस्से को नुकसान पहुंचता है और धीरे-धीरे कैंसर का रूप ले लेता है। दरअसल इसके लक्षण काफी आम होते हैं जिसकी वजह से अक्सर महिलाएं से नजरअंदाज कर देती हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक 30 की उम्र की महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर खतरा ज्यादा रहता है। सर्वाइकल कैंसर होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं, जिसमें से है एक से अधिक साथी के साथ संबंध बनाना, खराब हाइजीन, बर्थ कंट्रोल पिल्स का इस्तेमाल करना, स्मोकिंग और परिवार का इतिहास इस कैंसर के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं।

### सर्वाइकल कैंसर के बारे में ऐसे चलता है पता

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण वैसे दिखाई नहीं देते हैं,लेकिन फिर भी आपको शक है तो इसलिए इसकी स्क्रीनिंग टेस्ट होती है। पैप स्मीयर टेस्ट सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट होता है। इसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों का नमूना लिया जाता है। अगर इसमें असामान्य कोशिकाएं मिलती हैं तो एचपीवी टेस्ट की जाती है।इन जांचों से सर्वाइकल कैंसर का पता लगता है। इसके बाद इलाज शुरू किया जाता है।




# कितने साल चलता है हार्ट का कोरोनरी स्टेंट

कोरोनरी स्टेंट एक तकनीकी उपाय है जिसका उपयोग धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) को खोलने के लिए किया जाता है ताकि रक्त स्वतंत्रता से हृदय में पहुंच सके। इसका उपयोग हृदय संबंधित समस्याओं, जैसे कि दिल का दौरा, कोरोनरी आर्टरी रोग, या अन्य धमनीक बीमारियों के इलाज में किया जाता है। कोरोनरी स्टेंट जिस तकनीकी साधन का उपयोग किया जाता है, वह साधन धातु से बना होता है और धातु की दरबारी विशेषता और रक्त की प्रवाह की गति के आधार पर इसकी जीवनकाल की अधिकतम विशेषता को निर्धारित करती है। कई प्रकार के स्टेंट्स उपलब्ध हैं, जिनमें शास्त्रीय (बेयर-मेटलिक) और ड्रग-एलूटिंग स्टेंट्स शामिल हैं। शास्त्रीय स्टेंट्स का जीवनकाल आमतौर पर कुछ साल से लेकर कई दशक तक हो सकता है, जबकि ड्रग-एलूटिंग स्टेंट्स में शास्त्रीय स्टेंट्स के मुकाबले ड्रगों का उपयोग किया जाता है जो आराम से विघटित होते हैं और उनका प्रभाव अधिक समय तक बना रहता है। यह निर्भर करता है कि रोगी का स्वास्थ्य, सामान्य शारीरिक स्थिति, और स्थानांतरण का उपयोग किस तकनीकी साधन पर किया गया है। आपके चिकित्सक से यह सवाल करना हमेशा उचित होता है।

# सर्दी में सेहत ना पड़ जाए ठंडी



**सर्दियों का मौसम उत्तर भारत में दस्तक दे चुका है। कहते हैं कि सर्दी का मौसम सेहत के नजरिए से बेहतर होता है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं इस मौसम में आपकी डाइट कैसी होनी चाहिए ताकि आप भी सर्दी में अपनी सेहत बेहतर बना सकें और सर्दियों को एंजॉय कर सकें।**

आमतौर पर हम गर्मियों में कम खाना खाते हैं तो उसकी तुलना में सर्दियों में भूख में भी इजाफा होता है। सर्दियों में शरीर से मेहनत भी कम होती है। खासकर इस मौसम में सभी को अपनी हेल्थ का ख्याल रखना काफी जरूरी है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि सर्दियों के मौसम में किस प्रकार से अपना ख्याल रखा जाता है और किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखा जाता है।
अपनी डाइट का इस तरह रखें खास ख्याल सर्दियों के मौसम में खानपान का खास ख्याल रखना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है। क्योंकि इस मौसम में शरीर में कई प्रकार की बीमारियां भी लगने का खतरा बना रहता है। इस बारे में डॉक्टर बताते हैं कि सर्दियां आते ही सिट्रस या विटामिन सी युक्त पदार्थों के सेवन पर ध्यान दें। इसके लिए संतरा, नींबू, आंवला आदि में से कोई एक दिन में जरूर खाएं। इससे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलेगी और सर्दी खांसी आदि से भी बचाव होगा। विटामिन डी के सेवन का भी ध्यान रखें व धूप में भी वक्त बिताएं। इसके अलावा भोजन में हल्दी, अदरक व लहसून की मात्रा जोड़ें। इसके लिए व्यंजनों में पिसा अदरक जोड़ा जा सकता है और सलाद में ऊपर से कद्दूकस करके भी डाला जा सकता है।

### वजन कम करने में मदद करते हैं ये फूड

वहीं एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आप साबुत अनाज, दलिया आदि का सेवन करते हैं तो ये वजन कम करने में भी असरदार हैं और दिल के लिए भी फायदेमंद साबित होते हैं। इस मौसम में सब्जियों और फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए। इस मौसम में फाइड और सैचुरेटेड फूड्स का उपयोग नहीं करना चाहिए।

### खाने के आधे घंटे बाद पीएं पानी

वैसे तो गर्मियों की तुलना में सर्दियों में कम पानी पिया जाता है, लेकिन इस मौसम में आवश्यक मात्रा में पानी पीना चाहिए। याद रखें कि पानी खाना खाने के तुरंत बाद ना लेकर आधे घंटे के अंतराल पर पीएं। वहीं, अगर आप इस मौसम में हर्बल-टी पीते हैं, तो इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का लेवल भी डाउन होता है।

### एक्सरसाइज करना है जरूरी

अगर आप अपनी बॉडी फिट रखना चाहते हैं, तो इसके लिए सर्दियों से अच्छा मौसम और कोई नहीं हो सकता है। इस दौरान आप अपने वजन को कंट्रोल करें। बॉडी को फिट रखने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज कीजिए। अगर आप जिम में जाकर एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो रोजाना वॉक पर जाएं। चलने से शरीर में गर्मी पैदा होती है और इससे खून का दौरा बढ़ता है। सर्दियों के मौसम में ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल करना चाहिए। इस मौसम में नमक का कम मात्रा में सेवन करना चाहिए क्योंकि अधिक नमक का सेवन करने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### नींद लें पूरी, गर्म चीजों का करें सेवन

सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव के लिए खुद को गर्म कपड़ों से कवर रखना चाहिए। इस दौरान पैर, सिर और कानों को खासतौर से ढककर रखना चाहिए। सर्दियों में कम से कम 6 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। ठंड के मौसम में शरीर को ठंड से बचाने के लिए जैसे गर्म कपड़ों का इस्तेमाल किया जाता है, ठीक इसी प्रकार से गर्म चीजों का सेवन भी किया जाता है। इस दौरान स्किन सूखने लग जाती और फटने भी लगती है तो इसके लिए ऑयल या बॉडी लोशन का उपयोग कर सकते हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024





# मलाइका से ब्रेकअप के बाद बोले अर्जुन कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन में निभाए गए किरदार डेंजर लंका को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच प्यार को लेकर अर्जुन कपूर का एक बयान सामने आया है, जिसे सुनकर सभी हैरान रह गए। अर्जुन कपूर ने कहा कि उन्हें मान्यता मिलना अच्छा लगता है, चाहे प्रशंसक उन्हें उनके किरदार के नाम से बुलाएं या उनके काम के माध्यम से।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अर्जुन ने कहा, मैंने प्यार और सराहना पाने के लिए धैर्य और सम्मान के साथ लंबे समय तक इंतजार किया है। मुझे लगता है कि मेरे डेब्यू को बहुत प्यार मिला, कहीं न कहीं, मैं बस उस भावना को फिर से जगाना चाहता था। मैं बस एक दिन एक बार ले रहा हूं। चाहे वह इंटरव्यू में हो या आम लोग जो मुझे किरदार के नाम से बुलाते हैं। आप मान्य महसूस करना चाहते हैं। इसलिए मैं वास्तव में इस पल का आनंद ले रहा हूं। यही है प्रशंसकों की ऊर्जा, उत्साह और सच्चा प्यार। आपको अभी भी अगले अवसरों पर कड़ी मेहनत करनी है और अवसरों को जिम्मेदारी से चुनना है।

अर्जुन कपूर ने कहा, मैंने यह भी माना है कि मेरे लिए प्यार है। ऐसे लोग हैं जो मेरा उत्साह बढ़ाते हैं और मेरा समर्थन करते हैं। शायद यह बुराई पर अच्छाई की जीत से आता है। आखिरकार, इस दुनिया में कई अच्छे लोग हैं और जो आपका समर्थन कर रहे हैं। पिछले पांच साल मेरे लिए मुश्किल रहे हैं। अर्जुन कपूर ने 2012 में इश्कजादे से डेब्यू किया था और उसके बाद गुंडे, 2 स्टेट्स, फाइंडिंग फैनी, हाफ गर्लफ्रेंड, पानीपत, संदीप और पिंकी फरार, सरदार का ग्रैंडसन, भूत पुलिस, एक विलेन रिटर्न्स और कुत्ते जैसी फिल्मों में नजर आए। वह अब सिंघम अगेन की सफलता का जश्न मना रहे हैं, जिसमें उन्होंने खलनायक डेंजर लंका की भूमिका निभाई थी। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण जैसे सितारे शामिल हैं।



# बॉलीवुड के अलावा साउथ में बजेगा कियारा आडवाणी की फिल्मों का डंका

कियारा आडवाणी बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। कियारा की कई धांसू फिल्में आने वाली हैं, जिनमें से कुछ फिल्में बॉलीवुड की हैं तो वहीं कुछ फिल्में साउथ की हैं। आइए जानते हैं किन धमाकेदार फिल्मों में कियारा नजर आएंगी।

कियारा आडवाणी के पास कई आगामी प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें वे नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में निर्देशक फरहान अख्तर की डॉन 3, राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म वॉर 2 और  हो सकता है कि कियारा भूल भुलैया 4 का भी हिस्सा बन सकती हैं।

राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर, जिसकी रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। काफी लंबे समय बाद फिल्म का टीजर और ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। फिल्म का गाना पहले ही धूम मचा चुका है। गेम चेंजर में राम चरण आईएएस ऑफिसर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में वो बाप और बेटे दोनों का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह पहली बार है जब राम चरण और कियारा आडवाणी एक साथ फिल्म में नजर आएंगे। गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी

डॉन 3 का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहे हैं। इस बार डॉन में डॉन की भूमिका में रणवीर सिंह नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर के अलावा कियारा आडवाणी की एंट्री भी हो गई है। हालांकि, फिल्म कब रिलीज होगी अभी तक इसकी कोई रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन हो सकता है कि यह फिल्म 2025 को रिलीज हो जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार फिल्म की कहानी में डॉन कैसे बना डॉन पर बेस्ड होगी।

वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की जोड़ी नजर आएगी। ऐसा पहली बार है जब किसी फिल्म में ऋतिक के साथ जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। वॉर 2 का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं।

इन सभी फिल्मों के अलावा कियारा भूल भुलैया 4 में भी नजर आ सकती हैं। कियारा फिल्म भूल भुलैया 2 में भी थीं। भूल भुलैया 3 की आपार सफलता के बाद ही यह जानकारी सामने आई थी कि फिल्म का चौथा भाग भी आएगा। हालांकि फिल्म निर्माता-निर्देशकों की ओर से फिल्म के चौथे भाग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अगर भूल भुलैया 4 आती है तो जाहिर सी बात है कि उसमें कियारा नजर आ सकती हैं।

# बीहड़ों की डकैत बनीं मोनालिसा, नए शो में दिखेगा खूंखार अंदाज



अभिनेत्री मोनालिसा जल्द ही नए शो में नजर आएंगी, नाम है प्रेम लीला।  अभिनेत्री इस शो में बीहड़ों की डकैत का रोल अदा कर रही हैं। हाथों में बंदूक थामे उन्होंने शूटिंग की तस्वीरें साझा की हैं।   इसके साथ कैप्शन लिखा है, बीहड़ो की डकैत है, वो बेरहम और खूंखार जिसके लिए लीला है इंतकाम का हथियार। मोनालिसा के किरदार का नाम रुद्राक्षी है। यह शो 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है और दंगल टीवी पर प्रसारित होगा।

# भेड़िया 2 में कैमियो पर श्रद्धा कपूर ने तोड़ी चुप्पी



श्रद्धा कपूर ने इस साल अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 से दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहरा दिया। वहीं, अब हर किसी की निगाहें श्रद्धा के आगामी प्रोजेक्ट्स पर टिकी हुई हैं। स्त्री 3 को तो लेकर श्रद्धा अपडेट दे ही चुकी हैं। इसी बीच वह वर्तमान में सऊदी अरब में चल रहे रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 का हिस्सा बनीं और एक स्पष्ट बातचीत में शामिल हुईं।

इस दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्मों को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए।  इस इंटरव्यू में श्रद्धा कपूर से भेड़िया 2 में उनके कैमियो को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया, यह तो समय ही बताएगा कि मैडॉक की किसी अन्य फिल्म में मेरा कोई और कैमियो आएगा या नहीं। श्रद्धा कपूर ने भविष्य की फिल्मों की घोषणाओं का भी संकेत दिया।

### आगामी फिल्मों पर जल्द देंगी अपडेट

श्रद्धा कपूर ने कहा, लेकिन, बहुत जल्द मैं उन फिल्मों को साझा करूंगी जो मैं कर रही हूं, जिनकी शूटिंग मैं अगले साल करूंगी। विशेष रूप से, उनके निखिल द्विवेदी की नागिन में अभिनय करने की खबर है और शूटिंग 2025 में शुरू होगी। द्विवेदी ने नागिन को लेकर कहा था, आप काफी अलौकिक और अलग फिल्म देखेंगे।

### स्त्री 3 पर लग चुकी है पक्की मुहर

इससे पहले, श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 के को स्टार राजकुमार राव ने संकेत दिया था कि भेड़िया 2, स्त्री 3 से पहले रिलीज हो सकती है। उन्होंने पुष्टि की थी कि निर्देशक अमर कौशिक के पास स्त्री फेंचाइजी की तीसरी किस्त की योजना है। राजकुमार राव ने कहा था, बनेगी, निश्चित रूप से बनेगी और कोशिश करेंगे पार्ट 1 और 2 से भी बेहतर बने।



# कैमरे के पीछे वापस जाना चाहते हैं करण जौहर

फेमस फिल्म मेकर करण जौहर कैमरे के पीछे वापस जाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पुरानी तस्वीरों के साथ अपनी यह इच्छा जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर करण ने लिखा, कैमरे के पीछे, मेरी पसंदीदा जगह..वापस आने का इंतजार नहीं कर सकता। इस नोट के साथ उन्होंने सेट से अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वे अपनी कई फिल्मों का निर्देशन करते दिखाई दे रहे हैं। पहली ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर में, करण को निर्देशक के मॉनिटर को देखते हुए देखा जा सकता है, जबकि अनिल कपूर कुर्सी पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में करण को सेट पर ऋतिक रोशन के साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। आखिरी तस्वीर में करण रणबीर के साथ दिखाई दे रहे हैं, जो उनकी पिछली निर्देशित फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से है।

बता दें कि करण की यह पोस्ट उनके अगले निर्देशन की ओर इशारा करती है, जिसकी घोषणा उन्होंने अपने जन्मदिन पर की थी। अपने जन्मदिन पर करण ने फिल्म के ड्राफ्ट को पकड़े हुए अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। उनके करियर पर नजर डालें तो करण जौहर ने शाहरुख अभिनीत कुछ-कुछ होता है से अपने निर्देशन की यात्रा शुरू की थी। इसमें शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और काजोल ने साथ काम किया। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और निर्देशकों की बड़ी लीग में सभी स्टार ने अपनी जगह पक्की कर ली। बाद में करण ने शाहरुख के साथ कई प्रोजेक्ट पर काम किया और उन्होंने कभी खुशी, कभी गम, कल हो ना हो और माई नेम इज खान जैसी कई हिट फिल्में बनाईं। 2012 में उन्होंने तीन नए कलाकारों आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा को मुख्य भूमिका में लेकर स्टूडेंट ऑफ द ईयर का निर्देशन किया। 2016 में उन्होंने रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय के साथ ऐ दिल है मुश्किल का निर्देशन किया। इसके बाद करण जौहर ने निर्देशन से लंबा ब्रेक लिया और फिर 2023 में रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ निर्देशन में वापसी की।



# सनी देओल ने अनाउंस की रामायण में अपनी एंट्री

सनी देओल, नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में नजर आएंगे। एक्टर फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर ये भी अफवाहें थी कि वो इस फिल्म में भगवान हनुमान का रोल प्ले करेंगे। इसी बीच एक्टर ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म को लेकर कई खुलासे किए हैं। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म रामायण रिलीज से पहले ही काफी चर्चा में है। सनी देओल ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत के दौरान फिल्म रामायण के बारे में कुछ खुलासे किए। एक्टर ने खुद कंफर्म किया कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं। हालांकि उन्होंने अपने किरदार के बारे में अब तक कोई जानकारी शेयर नहीं की है।

### ये एक लंबा प्रोजेक्ट है

सनी ने आगे बताया कि मेकर्स की फिल्म को लेकर क्या प्लानिंग है। एक्टर ने कहा- 'ये एक लंबा प्रोजेक्ट है, क्योंकि मेकर्स इसे अवतार और प्लेनेट ऑफ द एप्स जैसी फिल्मों की तरह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राइटर और प्रोड्यूसर इस बारे में बहुत क्लियर हैं कि फिल्म को किस तरह से बनाया जाना है और किरदारों को कैसे प्रेजेंट करना है।

### स्पेशल इफेक्ट को लेकर की बात

सनी ने कहा- 'फिल्म में आपको स्पेशल इफेक्ट्स भी देखने को मिलेंगे, जो आपको ये यकीन दिलाएंगे कि ये घटनाएं सच में घटित हुई हैं, आपको ऐसा नहीं लगेगा कि ये सिर्फ स्पेशल इफेक्ट्स के कारण हो रहा है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि ये बहुत बढ़िया फिल्म होगी और मुझे यकीन है कि हर कोई इसे पसंद करेगा।'



### यश ने खुद बताया था कि वो रावण का रोल निभा रहे हैं

कुछ समय पहले यश भी द हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए एक इंटरव्यू इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि वो फिल्म रामायण में रावण का रोल निभा रहे हैं। उन्होंने कहा था, 'एक एक्टर के तौर पर मेरे लिए रावण का किरदार निभाना बहुत ही रोमांचक है। मुझे उनके किरदार की बारीकियां बहुत पसंद हैं।'

### लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे रवि दुबे

टीवी एक्टर रवि दुबे ने भी अपने रोल का खुलासा कर दिया है। कनेक्ट सिने से बातचीत के दौरान रणबीर कपूर के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस शेयर किया था। साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताते हुए कहा था- मैं फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभा रहा हूं। आखिरकार मुझे अपने किरदार के बारे में कुछ भी शेयर करने के लिए प्रोड्यूसर्स से परमिशन मिल गई।



कुछ समय पहले प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की थी। साथ ही उन्होंने लिखा था- 'मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान खोज शुरू की थी। जिसने 5000 वर्षों से अधिक समय तक अरबों दिलों पर राज किया है। मैं इसे खूबसूरती से आकार देते हुए रोमांचित हूं। हमारी टीम का केवल एक ही उद्देश्य है- हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति- हमारे रामायण का सबसे प्रामाणिक, पवित्र रूप दुनियाभर के लोगों के सामने पेश करना।' हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम अपने महानतम महाकाव्य को गर्व और श्रद्धा के साथ जीवंत करने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैं।

### साल 2026 में आएगा फिल्म का पहला पार्ट

फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे और पल्लवी माता सीता का किरदार निभाएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, जिसका पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा और दूसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा।